राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 200 | बुधवार, 2 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, पंचमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया





देश दुनिया

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से राहत

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। राजधानी दिल्ली समेत नोएडा और गुरुग्राम के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली।

दिल्ली-एनसीआर में अचानक मौसम ने करवट ली है। राजधानी के कई इलाकों के साथ नोएडा के भी कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट आई है और लोगों को चिपचिपी उमस से बड़ी राहत मिली है। बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया है। तापमान में आई इस गिरावट से गर्मी से परेशान लोगों को काफी आराम मिला है।

दिल्ली के आईटीओ इलाके में बारिश के दौरान सड़क पर बाइक सवार भीगते हुए नजर आए। अचानक हुई बारिश से मौसम में ठंडक महसूस की गई। वहीं नोएडा के सेक्टर 59, 12, 15, 16, 18 और 20 समेत कई इलाकों में मंगलवार देर शाम झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली।

गुरुग्राम में करीब तीन-चार दिन बाद मंगलवार शाम को अचानक मौसम बदला और शहर के कई हिस्सों में बारिश हुई। झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आई और उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।

## पाकिस्तान की तीन बार किरकिरी

एजेंसी समाचार

**बिश्केक।** किर्गिस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुलाकात की। 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए विश्व नेताओं के साथ पीएम मोदी ने ग्रुप फोटो में हिस्सा लिया। इसके बाद दोनों ही नेताओं ने साथ में चहलकदमी करते हुए एक-दूसरे का हालचाल लिया। दिलचस्प बात ये रही कि इस दौरान ग्रुप फोटो का हिस्सा रहे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी वहां हाथ बांधे खड़े थे।

न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि तमाम वैश्विक नेता तस्वीर खिंचाने के लिए एक साथ खड़े हुए। इसके बाद जब सभी लोग बाहर जाने लगे तो इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत हुई। वहीं, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की ओर उन्होंने ध्यान तक नहीं दिया।

## भाकियू महापंचायत: ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कमिश्नरी पहुंचे किसान

एजेंसी समाचार

**मेरठ।** मेरठ में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कमिश्नरी पार्क पहुंचे हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंच से किसानों को संबोधित कर रहे हैं।

मेरठ मंडलायुक्त कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ कमिश्नरी पार्क पहुंचे हैं। किसानों के पहुंचने से आसपास के रास्तों पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग गई हैं। मंच पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंच चुके हैं और किसानों को संबोधित कर रहे हैं।

# सुप्रीम फैसला: नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर रद्द

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल छात्रों पर दर्ज एफआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने आर्टिकल 142 के तहत मिले अपने विशेष अधिकार का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली और चार राज्यों में दर्ज एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया। साथ ही सीजेपी ने केंद्र के कदम और कोर्ट के आदेश को देखते हुए पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च वापस ले लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के अलावा असम, महाराष्ट्र, बंगाल और बिहार में नीट प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

ये मामले 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शन से जुड़े थे। दिल्ली पुलिस और चार राज्य सरकारों ने कोर्ट से आर्टिकल 142 के तहत इन मामलों को खत्म करने की मांग की थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले पर सुनवाई की और



एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत में दिए गए भरोसे पर कायम है। उन्होंने बताया कि नीट प्रदर्शन के दौरान आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। केंद्र ने इसके लिए तीन महीने का समय मांगा है। मुआवजे का तरीका तय करने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों और संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी।

कोर्ट ने प्रदर्शन से जुड़े मामलों में राहत दी है, लेकिन केंद्र को 2873 ऐसे लोगों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दी है, जिनके बारे में आपराधिक इतिहास होने की बात कही गई है। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है। सुनवाई के दौरान वकील हरिहरन ने इन 2873 लोगों की सूची मांगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन लोगों के खिलाफ आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कोर्ट में बताया कि संगठन ने पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के सकारात्मक भरोसे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कोर्ट ने सौरव दास का बयान दर्ज कर लिया। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भी कहा कि दोनों पक्ष अगर एक-दूसरे पर भरोसा रखें तो समस्याओं का समाधान बातचीत से किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खुले दिमाग से बातचीत की जाए तो मुश्किल से मुश्किल मुद्दे का समाधान निकाला जा सकता है।

# बगावत के बाद सांसदी बचाने की जंग

## टीएमसी के सांसदों ने लोकसभा सचिवालय से मांगा तीन हफ्ते का समय, अब आगे क्या?

एजेंसी न्यूज

**कोलकाता।** टीएमसी छोड़कर एनसीपीआई के साथ जाने वाले 20 लोकसभा सांसदों ने अपने खिलाफ चल रही दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता की कार्यवाही में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा है। लोकसभा सचिवालय ने पहले उन्हें सात दिन में जवाब देने को कहा था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जिसने लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष चल रही कार्यवाही में तेजी लाने का निर्देश दिया है। बागी सांसद कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेकर अपना पक्ष तैयार कर रहे हैं। इस बीच, टीएमसी और असंतुष्ट खेमे के बीच जारी राजनीतिक टकराव ने पश्चिम बंगाल के बदलते राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण बना दिया है।

लोकसभा सचिवालय ने 26 अगस्त को टीएमसी के 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब मांगा था। ये नोटिस टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर उन याचिकाओं के बाद जारी किए गए थे, जिनमें इन सांसदों को दल-



बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। सूत्रों के मुताबिक, 25 अगस्त का नोटिस सांसदों को अभिषेक बनर्जी की 18 जून की याचिका की प्रति के साथ भेजा गया था।

एनसीपीआई के लोकसभा में सदन के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने पीटीआई से कहा कि हमें 26 अगस्त को लोकसभा सचिवालय की ओर से एक पत्र मिला, जिसमें अभिषेक बनर्जी के उस पत्र के संबंध में जवाब मांगा गया था, जिसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से 20 एनसीपीआई सांसदों की सदस्यता रद्द करने का अनुरोध किया है। हमने लोकसभा सचिवालय को पत्र लिखकर जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है।

एनसीपीआई के एक अन्य सांसद ने बताया कि बागी सांसद अपने जवाब को अंतिम रूप देने से पहले वकीलों से सलाह-मशविरा कर रहे हैं।

## नेपाल त्रासदी: बाढ़ ही नहीं, भूकंप का भयंकर प्रकोप भी झेल चुका है हरे रंग वाला घर, मकान मालकिन ने किया खुलासा

एजेंसी न्यूज

**काठमांडो।** नेपाल में 26 अगस्त को त्रिशूली नदी में आई अचानक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। इस दौरान तेज बहाव के बीच हरे रंग की एक इमारत खड़ी दिखाई दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। बाहर से देखने पर यह इमारत बाढ़ के सामने मजबूती से खड़ी नजर आई, लेकिन इसके अंदर मौजूद छह लोगों के लिए वह समय बेहद डरावना था। घर की मालकिन लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि परिवार उस वक्त चारों तरफ बढ़ते पानी और टूटते मकानों के बीच फंस गया था।




लक्ष्मी पांडेय ने बताया कि जब हादसे का पता चला, तब वह और उनके पति घर से करीब पांच मिनट की दूरी पर अपनी दुकान में थे। उनके पति अपनी मां और बेटी को बचाने के लिए तुरंत घर पहुंचे। उन्होंने अपनी मां से कहा कि पानी आने वाला है और उन्हें तुरंत निकलना चाहिए। लेकिन उनकी सास ने कहा कि पहले कभी इतना बड़ा हादसा नहीं हुआ और पानी घर तक नहीं आएगा। इसी बीच पुराना पुल टूट गया और ऊपर से पानी तेजी से आने लगा। तब तक परिवार के लिए बाहर निकलना मुश्किल हो चुका था।

बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ने के बाद लक्ष्मी के पति, ससुर और एक पड़ोसी घर के अंदर पहुंचे। परिवार के छह लोग ऊपर की मंजिल पर चले गए। लक्ष्मी ने बताया कि पानी का बहाव इतना तेज था कि दोनों तरफ से आ रहे पानी के कारण घर जोर-जोर से हिल रहा था। घर के हिलने का एहसास उन्हें वर्ष 2015 में आए नेपाल के भयंकर भूकंप जैसा हुआ।

# 7.8% की रफ्तार से दौड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था: पीएम

## पीएम मोदी बोले- संकट में भी भारत ने दिखाई ताकत

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की 7.8 प्रतिशत आर्थिक विकास दर को देश के लिए खुशी और गर्व का विषय



बताया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय देशवासियों की मेहनत, सामूहिक सामर्थ्य और मजबूत संकल्प शक्ति को दिया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की यह आर्थिक प्रगति बेहद महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई हिस्से इस समय संघर्ष और संकट से गुजर रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से युद्ध की खबरें सामने आ रही हैं और वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियां बनी हुई हैं। इन परिस्थितियों के कारण सप्लाई चेन भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद से वैश्विक स्तर पर स्थिरता पूरी तरह कायम नहीं हो सकी है, इसके बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 7.8 प्रतिशत विकास दर देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने देशवासियों की मेहनत और संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया में जारी चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का यह प्रदर्शन देश की क्षमता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि युद्ध, वैश्विक संकट और सप्लाई चेन में व्यवधान जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत ने विकास की गति बनाए रखी है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से इस रफ्तार को बरकरार रखने और आगे भी विकास की गति तेज करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के भीतर कुछ लोग निराशा फैलाने का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़कर भारत ने 7.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है। उन्होंने कहा कि अब जरूरत इस गति को बनाए रखने के साथ भारत को और आगे ले जाने की है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को महत्वपूर्ण बताया। एजेंसी

## चलती बस में दुष्कर्म : बड़ा खुलासा, पांच अगस्त को ही मालिक को मिल गई थी घटना की खबर

एजेंसी न्यूज

**फिरोजाबाद।** यूपी के मैनपुरी की 16 वर्षीय छात्रा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की वारदात जिस स्लीपर कोच बस में हुई थी, वह फिरोजाबाद एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत है। उसका मालिक अनिल जादौन शहर के थाना उत्तर के रैपुरा रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला है। उसे इस वारदात की जानकारी 5 अगस्त को ही लग गई थी। घटना के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने के बाद से वह लापता है। बस मालिक न तो अपने इंदिरा कॉलोनी स्थित आवास पर है और न ही किसी परिचित या रिश्तेदार के संपर्क में है। उसका मोबाइल फोन चालू है। मगर, किसी का फोन नहीं उठा रहा है।




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में घटी इस खौफनाक वारदात ने एक बेहद गरीब और साधारण परिवार को पूरी तरह तोड़कर रख दिया है। मैनपुरी के किशनी क्षेत्र का यह पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपने बच्चों का जीवन संवारने में जुटा था। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 16 वर्षीय पीड़िता अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है।

गत 4 अगस्त को किसी बात से क्षुब्ध होकर वह घर से बिना बताए निकल गई थी। उसका इरादा नोएडा में रहने वाले अपने ताऊ (पिता के बड़े भाई) के घर जाने का था। पीड़िता के ताऊ नोएडा-दिल्ली क्षेत्र में रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। पीड़िता को लगा था कि वह सुरक्षित अपने ताऊ के पास पहुंच जाएगी, लेकिन रास्ते में ही वह हैवानों के हत्थे चढ़ गई।

# एससीओ: बिश्केक से क्या लेकर लौट रहे पीएम नरेंद्र मोदी?

## रूस-चीन-ईरान समेत इन देशों से साधा राष्ट्रीय हित

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** 26 वें एससीओ शिखर सम्मेलन से बड़ा लक्ष्य साधकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत लौट रहे हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने आधा दर्जन से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ वार्ता करके राष्ट्रीय हित साधा। एससीओ सदस्यों से आतंकवाद पर दोहरा मानदंड न अपनाने और कनेक्टिविटी के नाम पर देशों की संप्रभुता, अखंडता का सम्मान करने पर जोर दिया।

12-13 सितंबर को भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 होना है। प्रधानमंत्री ने इसे सफल बनाने के लिए व्यक्तिगत रूप से एससीओ में उपस्थित सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री की भेंट, द्वपक्षीय वार्ता और तीनों नेताओं की बॉडी लैंग्वेज महत्वपूर्ण रहे। रूस के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री एक बार फिर कार डिप्लोमेसी करते दिखे। 2025 में चीन में भी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इस तरह की बॉडिंग दिखा चुके हैं। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के



साथ भी चर्चा की। यह भारत और ईरान के आपसी संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

भारत ने एससीओ के मंच से दो बिन्दुओं पर बहुत स्पष्टता से अपनी बात रखी। पहले बिन्दु में आतंकवाद और उसे मिलने वाली वित्तीय मदद निशाने पर रही। भारत ने साफ कहा कि आतंकवाद को लेकर दोहराया मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। भारत ने 2006-07 से आतंकवाद को वित्तीय मदद के मामले में घेर रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के मंच से इसको लेकर फिर आह्वान किया। भारत का साफ कहना है कि आतंकवाद को सह, वित्तीय मदद और इसके इकोसिस्टम को ध्वस्त किया जाना आवश्यक है। दूसरा मुद्दा, कनेक्टिविटी का रहा। भारत ने स्पष्ट किया कि वह आपसी कनेक्टिविटी के पक्ष में है। लेकिन कनेक्टिविटी के मामले में राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 में एससीओ सभ्यता संवाद मंच का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने पारस्परिक सांस्कृतिक संबंध को मजबूती देने के लिए इसकी वकालत की थी। एससीओ के सदस्य देशों ने इसे स्वीकार कर लिया और इसका पहला सत्र भारत में ही आयोजित किया जाएगा। इस तरह से भारत ने एससीओ में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इससे देशों के बीच में लोगों से लोगों का संबंध, विश्वास तथा एक-दूसरे को जानने समझने को बल मिलेगा।

किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोव से प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय चर्चा को नया आयाम दिया। छात्रों की आवाजाही, कारोबारी रिश्ते, वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। आर्मेनिया को भारत की कुछ रक्षा कंपनियां साजो-सामान की आपूर्ति करती हैं।

# 'जल्द ही आतंकियों द्वारा मारे जाओगे'

## चिराग पासवान को फिर मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें डाक के जरिए भेजे गए एक पत्र में जल्द हत्या किए जाने की चेतावनी दी गई है। पत्र में लिखा है, 'आपको जल्द ही हार्डकोर आतंकियों द्वारा मार दिया जाएगा।' धमकी सामने आने के बाद मामला सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

चिराग पासवान को भेजे गए धमकी भरे पत्र में सीधे उनकी हत्या की चेतावनी दी गई है। पत्र भेजने वाले ने दावा किया है कि उन्हें जल्द ही हार्डकोर आतंकियों के हाथों मार दिया जाएगा। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हुआ है कि पत्र किस व्यक्ति या संगठन ने भेजा है। पत्र में दी गई धमकी की गंभीरता और उसकी वास्तविकता की जांच की जा रही है। धमकी मिलने के तुरंत बाद चिराग पासवान के कार्यालय ने केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखा है। इसमें पूरे मामले पर ध्यान देने



और जरूरी सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की गई है। चिराग पासवान केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा से जुड़ी इस धमकी को गंभीरता से लिया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां पत्र और उससे जुड़े दूसरे सबूतों की जांच कर सकती हैं।

अभी धमकी भेजने वाले की पहचान सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि पत्र कहां से डाक के जरिए भेजा गया और इसका किसी पहले से पहचाने गए व्यक्ति या संगठन से कोई संबंध है या नहीं। सुरक्षा एजेंसियां पत्र की सामग्री और उपलब्ध सबूतों की जांच कर यह पता लगाने की कोशिश करेंगी कि धमकी कितनी गंभीर है और इसके पीछे कौन हो सकता है।

## एक नजर

### मंदिर से घंटे चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आंवला।** बीहट गांव स्थित शिव मंदिर से घंटे और पीतल की मूर्तियां चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 11 घंटे, 870 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। ग्राम बीहट निवासी घलेन्द्र ने 22 अगस्त को अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि मंदिर से करीब 51 किलो का बड़ा घंटा, धर्मशाला में लगे 20 छोटे घंटे, पीतल की मूर्तियां और दानपात्र से करीब एक हजार रुपये चोरी किए गए। मंगलवार को पुलिस ने आंवला-रामनगर रोड पर मऊचंदपुर के पास पुलिया से मुकेश पुत्र लीलाधार निवासी हरदासपुर, सिरौली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने साथी मौज्जिम के साथ चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने मोटरसाइकिल सीज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

# इफको में ड्यूटी के दौरान मजदूर की मौत

## परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** इफको प्लांट में मंगलवार सुबह ड्यूटी के दौरान 50 वर्षीय मजदूर धनपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। साथी कर्मचारी उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।





मौत की सूचना पर गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव इफको के मुख्य गेट पर रखकर प्लांट, प्रशासन भवन और टाउनशिप के गेट बंद कर दिए।

परिजन मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर देर शाम तक अड़े रहे। करीब साढ़े पांच बजे ठेकेदार की ओर से लिखित आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और सभी गेट खोल दिए गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भमोरा क्षेत्र के गांव भरताना निवासी धनपाल इफको के यूरिया-1 बैगिंग प्लांट में मजदूरी करते थे। कर्मचारियों के अनुसार, वह टावर से पैकिंग के लिए बेल्ट के जरिए आने वाली यूरिया की साफ-सफाई और देखरेख का काम करते थे। मंगलवार से इस कार्य का ठेका नए ठेकेदार यशवीर सिंह की फर्म कृष्णा वृदर्श को मिला था। धनपाल की ड्यूटी सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक थी। कर्मचारियों के मुताबिक, सुबह करीब सात बजे धनपाल यूरिया देखने के लिए लिफ्ट से टावर पर गए थे। इसी दौरान वह अचानक लिफ्ट में गिर गए और उनकी हालत बिगड़ गई। साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि अमोनिया गैस के रिसाव के कारण धनपाल की मौत हुई है। हालांकि, इफको प्रबंधन ने गैस रिसाव की बात से इनकार करते हुए इसे हादसा बताया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण शव लेकर इफको के मुख्य गेट पर पहुंच गए।

महिलाओं और पुरुषों ने मुख्य गेट व प्रशासन भवन के गेट पर बैठकर आवागमन रोक दिया। कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर टाउनशिप गेट पर भी पहुंच गए। इस दौरान दोपहर की शिफ्ट के कर्मचारियों को मैटेरियल गेट से प्रवेश कराया गया। इफको प्रबंधन ने बताया कि प्लांट का काम प्रभावित नहीं हुआ। परिजनों के अनुसार, धनपाल करीब 20 वर्षों से इफको में मजदूरी कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी राजेश्वरी, दो बेटे देवेंद्र उर्फ देवचरन व विनोद और दो बेटियां राधा व मिथिलेश हैं। सूचना पर एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा, सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय और भमोरा पुलिस के साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए देने को कहा, लेकिन वे लिखित आश्वासन पर अड़े रहे। शाम करीब साढ़े पांच बजे ठेकेदार यशवीर सिंह ने एक आश्रित को दैनिक मजदूरी पर रोजगार देने और मृतक की पत्नी को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव हटाने पर राजी हुए। इफको के जनसंपर्क अधिकारी विनीत शुक्ला ने बताया कि पीड़ित परिवार और ठेकेदार के बीच सहमति बन गई है। उनके अनुसार मजदूर की मौत आकस्मिक रूप से हुई और घटना में इफको का कोई सरोकार नहीं है।

# डा. अंबेडकर की मूर्ति की क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** पूर्वी क्षेत्र में बसे सुदूरवर्ती गाँव भिलैय्या में बीती रात खुराफाती तत्वों ने डा अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार सुबह करीब छह बजे जब लोग गाँव के बाहर गये तो वहाँ का नजारा देख आक्रोश में भर गये। जरा सी देर में यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। घटना स्थल पर तमाम लोग इकट्ठा हो गये। मामले की जानकारी होने पर बसपा जिला अध्यक्ष डॉ जयपाल सिंह भी टीम के साथ गाँव पहुंचे और कार्रवाई को लेकर प्रशासन से वार्ता की। ग्रामीणों के अनुसार, बीती रात भर बारिश होती रही इसी का फायदा उठाकर कुछ खुराफाती तत्वों ने प्रतिमा स्थल पर जाकर वहां लगे नल का हत्था उखाड़ा और



हत्थे तथा ईंटों से डा अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर उस पर गंदगी उछाली। प्रतिमा स्थल पर रोशनी के लिए लगाया गया सोलर पैनल तोड़कर बैटरे चोरी कर लिए गये। पीने के पानी के लिए लगाया गया फ्रीजर भी तहस नहस किया। इतना ही नहीं, वहाँ शौच तक किया गया। इस बदहाल तस्वीर को जिसने भी देखा, गुस्से से भर गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम गोपाल शर्मा, सीओ अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों के गुस्से को शान्त किया। अफसरों ने न ई प्रतिमा लगवाने, ऊपर से जाल तथा बाउंड्री वाल जल्द से जल्द बनवा दिए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया। बाद में पुलिस ने शक के आधार पर दो युवकों को अपनी हिरासत में ले लिया जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आगे जो भी नाम रोशनी में आएंगे, उन्हें भी कानूनी कार्रवाई की जद में लिया जाएगा। कोतवाल दिनेश शर्मा ने सभी को यह भरोसा दिलाया। अफसरों से बातचीत के दौरान बसपा मंडल प्रभारी रामदास कश्यप, जगदीश प्रसाद तथा श्याम मूर्ति सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पार्किंग विवाद में घर में घुसकर हमला

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बहरोली में घर के सामने जीप खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में युवक पर घर में घुसकर लाठी-डंडों और सरिया से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित नितिन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के मुताबिक, मंगलवार सुबह घर के सामने खड़ी जीप हटाने को कहने पर विवाद हुआ। आरोप है कि राजू, राजेश, हेमपाल, मुन्नालाल और एक अन्य व्यक्ति ने घर में घुसकर नितिन पर चाकू और सरिया से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर में चोट आई। आरोपियों पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रो. राय ने संभाला रूहेलखंड विवि के कुलपति का पदभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलपति का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान कुलपति प्रो. केपी सिंह से कार्यभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. राय को तीन वर्ष के लिए विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाना, शोध और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। प्रो. राय इससे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के कुलगुरु रहे हैं। उनके कार्यकाल में शोध, डिजिटल तकनीक और विद्यार्थी सुविधाओं से जुड़ी कई पहल हुईं। हाईटेक मीडिया लैब, रेडियो शेखावाटी, ऑनलाइन प्रोविजनल डिग्री और वाई-फाई युक्त ग्रीन कैंपस जैसी सुविधाएं विकसित की गईं। प्रो. राय को उच्च शिक्षा और पत्रकारिता का लंबा अनुभव है। वे विभिन्न विश्वविद्यालयों में महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

# रामगंगा नदी उफान पर, जलस्तर लगातार बढ़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** रामगंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए मीरगंज तहसील प्रशासन ने तटवर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए बाढ़ चेतावनी जारी कर दी है। प्रशासन की ओर से लोगों को नदी के आसपास जाने और नदी पार करने से पूरी तरह बचने की अपील की गई है।जारी चेतावनी में कहा गया है कि रामगंगा नदी उफान पर है और जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति नदी को पार करने का प्रयास न करे। साथ ही बच्चों और पशुओं को नदी से दूर रखने तथा नदी में नहाने या पशुओं को पानी पिलाने से भी बचने की सलाह दी गई है।एसडीएम निधि शुक्ला एवं तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि तेज बहाव में नदी पार करना जानलेवा साबित हो सकता है।हाल के दिनों में भी रामगंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर बरेली जिले में प्रशासन ने तटवर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई है। मीरगंज क्षेत्र में नदी के कटान की स्थिति को लेकर भी निगरानी और बचाव कार्य किए गए हैं।नदी किनारे रहने वाले ग्रामीण किसी भी तरह का जोखिम न लें। जलस्तर बढ़ने या पानी के तेज बहाव की स्थिति में सुरक्षित स्थान की ओर जाने और प्रशासन की सूचना का पालन करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि रामगंगा का बढ़ता पानी खतरे का संकेत है, नदी के करीब जाना या उसे पार करने की कोशिश भारी पड़ सकती है।

# बैंक सखियों ने मांगा 20 हजार रुपये मानदेय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहीं बैंक सखियों ने अब अपने हक और भविष्य की सुरक्षा को लेकर आवाज बुलंद की है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत कार्यरत बैंक सखियों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें वर्तमान में मिल रहे चार हजार रुपये मासिक मानदेय को बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने के साथ ही सेवाओं को स्थायी और नियमित किए जाने की मांग की गई। बैंक सखियों ने बताया कि वे पिछले करीब पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार काम कर रही हैं। ग्रामीणों और स्वयं सहायता



समूहों से जुड़ी महिलाओं को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना, खाते खुलवाना, आधार ई-केवाईसी, धनराशि जमा-निकासी, वित्तीय साक्षरता और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है। बैंक सखियों का कहना है कि गांवों में भ्रमण कर सेवाएं देने के बावजूद उन्हें महज चार हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता है। कार्य के दौरान आने-जाने, मोबाइल फोन और इंटरनेट समेत कई जरूरी खर्च भी उन्हें अपनी जेब से उठाने पड़ते हैं। बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच मौजूदा मानदेय को अपर्याप्त बताते हुए उन्होंने इसे 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। बैंक सखियों ने कहा कि करीब पांच वर्षों से सेवाएं देने के बावजूद उनकी नौकरी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने शासन स्तर से कार्रवाई कर सेवाओं को नियमित करने और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि भविष्य में बैंक सखियों की जिम्मेदारियों और कार्यभार के अनुरूप मानदेय में समय-समय पर उचित वृद्धि की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में रेखा रानी, विदुषी यादव, गायत्री देवी, कोमल, प्रियंका, सीमा, ममता, प्रियंका कुमारी, सुमित्रा, सुमन गंगवार, बबली, अंजू कुमारी, राधा देवी, आशा रानी, संगम, अंजू सिंह, पूजा, भारती देवी, किरन देवी, आरती सिंह और मेधा समेत अन्य बैंक सखियां शामिल रहीं।

# एसएचजी उत्पादों का जिलाधिकारी ने किया अवलोकन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भोजीपुरा और बहेड़ी तहसील क्षेत्र के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन और बिक्री बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने आटा मांडा में भागीरथी पाठक द्वारा संचालित नव स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर समूह द्वारा तैयार किए जा रहे



उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने फिनाइल, डिशवॉश, टॉयलेट क्लीनर, हैंडवॉश, दोना पत्तल समेत घरेलू उपयोग की अन्य सामग्रियों को देखा। उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इन उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए तो समूह से जुड़ी महिलाओं की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इसके बाद जिलाधिकारी ने भोजीपुरा तहसील क्षेत्र के पीपलसाना चौधरी में विमला देवी द्वारा संचालित जय श्री बालाजी स्वयं सहायता समूह के उत्पादों का अवलोकन किया। समूह की ओर से तैयार किए जा रहे बैटरी के पानी के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने समूह की कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह की संचालक विमला देवी ने जिलाधिकारी को बताया कि समूह की ओर से जल्द ही आरओ मिनरल वाटर तैयार करने की योजना है। इस पर जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को आवश्यक लाइसेंस और अन्य औपचारिकताओं की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि समूह का उत्पाद सभी निर्धारित मानकों का पालन करते हुए बाजार में उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने समूह की महिलाओं को सरकारी विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों और अन्य संस्थानों में मिनरल वाटर की आपूर्ति के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए क्षेत्रवार डिस्ट्रीब्यूटर की व्यवस्था विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इससे समूहों को स्थायी बाजार उपलब्ध होगा और महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि का रास्ता खुलेगा। बहेड़ी तहसील क्षेत्र में सुशीला देवी द्वारा संचालित हनी स्वयं सहायता समूह के शहद का भी जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। उन्होंने समूह द्वारा तैयार किए जा रहे शहद की गुणवत्ता और उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बुधवार को विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले दूध में मिठास के लिए चीनी के स्थान पर शहद के इस्तेमाल की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। इससे एक ओर बच्चों को शहद का उपयोग मिल सकेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्वयं सहायता समूह के उत्पाद को भी बाजार उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। समूहों से जुड़ी महिलाएं घरेलू उत्पादों से लेकर खाद्य पदार्थों तक तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि उनके उत्पादों को केवल स्थानीय स्तर तक सीमित न रखते हुए व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लाइसेंस, ब्रांडिंग और विपणन में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन की ओर से सरकारी संस्थानों में समूहों के उत्पादों की आपूर्ति की संभावनाओं को भी बढ़ाया जाएगा, जिससे ग्रामीण महिलाओं को नियमित बाजार और बेहतर आय प्राप्त हो सके।

## स्कूल मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**बरेली।** हुरहुरी-दियोसास स्थित आरएमएस एकेडमी मार्ग पर हादसों के खतरे को देखते हुए आजाद अधिकार सेना ने प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष लादेन मंसूरी ने एसडीएम मीरगंज निधि शुक्ला को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालयों के आसपास और प्रमुख मोड़ों पर मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मार्ग पर कई विद्यालय हैं और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। तेज रफ्तार वाहनों और सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं से हादसे का खतरा बना रहता है। संगठन ने गति सीमा निर्धारित करने और आवारा पशुओं को गौशाला अथवा कांजी हाउस भेजने की मांग की। एसडीएम ने बीडीओ, ईओ और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## संक्षेप समाचार



किसानों को समर्थन पत्र सौंपते सभासद। –जागरण मोर्चा

### तमाम सभासदों ने किसानों के धरने को दिया समर्थन

**बहेड़ी।** दो पेराई सत्रों के बकाया भुगतान को लेकर लेकर भाकियू भानु की ओर से बीते दिन मिल गेट पर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन धरने को नगर पालिका परिषद् के तमाम सभासदों का भी समर्थन मिला है। सभासद ताहिर पप्पू व ओमप्रकाश गंगवार (गबरू) आदि मंगलवार को धरना स्थल पर किसानों के बीच पहुंचे और अपना समर्थन पत्र उन्हें सौंपा। समर्थन पत्र में उक्त दोनों सभासदों के अलावा सलीम चंदा, जाकिर, वाजिद अंसारी, सुगरा, मो रफी, तथा शबनम आदि के हस्ताक्षर रहे।

### युवती को साथी की मदद से भगा ले गया युवक

**मीरगंज /शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद युवक और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती की माँ ने पुलिस को वताया कि सोमवार को उसकी बेटी को अर्जुन पुत्र रामा शंकर थाना बहेड़ी अपने एक अज्ञात साथी की मदद से शाम लगभग 8 बजे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### गाली देने से मना करने पर महिला से मारपीट

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुरई दलपतपुर में गाली देने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गांव निवासी जीवन पत्नी शुभमुल हसन 28 अगस्त की सुबह करीब सात बजे घर पर थीं। आरोप है कि इसी दौरान विजयपाल पुत्र लालता प्रसाद सहित अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

### कलश यात्रा के बाद श्री मद भागवत कथा आरम्भ

**मीरगंज/शीशगढ़।** कस्बे के कस्बे के ब्रह्मदेव स्थल ( भमसेन )पर मंगलवार से साप्ताहिक श्री मद भागवत कथा का आरम्भ विधि विधान से पूजन के बाद आरम्भ हो गया है। कथा प्रारम्भ से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गईं जिसमे 101 महिलाओ ने गंगाजल से भरे कलश नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल पर रखे, कथा समापन के बाद कलशों को नदी में बिसर्जन किया जाएगा। गुरुवार से शुरू हुई श्री मद भागवत कथा में कथा व्यास ठाकुर उपासना शास्त्री,और ठाकुर सूरज चैतन्य पूरे सप्ताह भक्तों को भागवत कथा सुनाकर भक्ति रस का पान कराएंगे। कथा एक सितम्बर से 9 सितम्बर तक चलेगी तत्पश्चात पूर्ण आहुति के बाद कथा समापन होगी। कथा समाप्ति के बाद ब्रह्मदेव स्थल प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमे कथा के आयोजक लालता प्रसाद राठौर, सभासद त्रिमल सिंह राठौर, हिमांशु गुप्ता, प्रदीप माली, ठाकुर शिव कुमार सिंह, बंटी गुप्ता, प्रेमपाल राजपूत, जसवंत राठौर, मनोहर लाल राठौर सौरभ शर्मा आदि का सहयोग रहेगा।

### शराबी पति ने पत्नी व बेटे को बेरहमी से पीटा

**फरीदपुर (बरेली)।** कलयुगी पिता ने शराब के नशे में धुत होकर पहले अपने ही बेटे को बाद में बचाने आई पत्नी को बेरहमी से पीटा। पीड़िता ने थाने पहुँचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी आत्माराम की पत्नी आशा देवी का आरोप है कि उनका पति आए दिन शराब पीकर घर आता है और परिवार के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। पीड़िता के अनुसार उसका पति अपने बेटों को घर में नहीं रखना चाहता है। वह लगातार उन्हें धमकी दे रहा है कि वे अपना अलग घर बनाकर रहें। वह कहता है कि "यह घर मेरा है, यहाँ वही रहेगा जिसे मैं चाहूंगा"। महिला ने बताया कि उसके दोनों बेटे रुद्रपुर में रहते हैं। बेटा अभिषेक रविवार को ही अपने घर आया था। सोमवार की शाम आत्माराम शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा। घर आते ही उसने बिना किसी बात के अभिषेक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उसे बेरहमी से पीटने लगा। जब माँ आशा देवी अपने बेटे को बचाने दौड़ीं, तो आरोपी पति ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोपी उसे खींचते हुए घर के बाहर गली में ले आया और बीच सड़क पर लात-घूंसों से पिटाई की। चीख-पुकार और शोर-शराबा सुनकर पहुंचे आसपास के पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर माँ-बेटे को बचाया। पीड़िता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




## एक नजर

### सुरक्षा के लिहाज से युवतियों को सरकारी बसों में निःशुल्क यात्रा की मांग

**फरीदपुर (बरेली)।** सामाजिक संस्था नर सेवा नारायण सेवा ग्रुप ने प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा दिए जाने का स्वागत किया है। संस्था ने सुझाव दिया है कि सरकारी बसों में सभी उम्र की महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त की जानी चाहिए। संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ नागरिक महिलाएं बसों में कभी-कभार ही सफर करती हैं, जबकि छात्राओं और नौकरीपेशा युवतियों को रोजाना आवागमन करना पड़ता है। यदि सरकार सभी महिलाओं को यह सुविधा देती है तो सरकारी खजाने पर अतिरिक्त भार जरूर पड़ेगा, लेकिन इससे महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को मजबूती मिल सकती है। संस्था ने हाल ही में मैनपुरी की किशोरी के साथ हुई घटना का हवाला देते हुए कहा कि घर से नाराज होकर नोएडा पहुंची किशोरी रास्ता भटक गई थी। बाद में प्राइवेट बस चालक और परिचालक पर उसके साथ दरिंदगी का आरोप लगा।

# सचिन हत्याकांड: दूसरा आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई, तमंचा-कारतूस और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के वंशीनगला में हुए सचिन कश्यप हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे वांछित आरोपी बाबू उर्फ रोहित को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में दबोच लिया गया। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त 2026 को वादिनी गुड़िया देवी निवासी वंशीनगला ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि बाबू उर्फ रोहित, अमित उर्फ भज्जी, बाबू उर्फ रोहित की मां और आशीष मौर्य ने एकराय होकर उसके पति सचिन कश्यप के साथ मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान बाबू उर्फ रोहित ने चाकू से सचिन के सीने पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वादिनी और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। तहरीर के आधार पर थाना सुभाषनगर में मु0अ0सं0 592/2026, धारा 103(1), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई तेज

सचिन कश्यप हत्याकांड में एक दिन के भीतर दो वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। पहले आशीष मौर्य को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया, जबकि अब मुख्य आरोपी बताए जा रहे बाबू उर्फ रोहित को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका और उनकी गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई कर रही है।

### पहले आशीष मौर्य की हुई थी गिरफ्तारी

हत्याकांड में पुलिस ने इससे पहले वांछित आरोपी आशीष मौर्य को 31 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आशीष ने घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस अन्य वांछित आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

पुलिस के मुताबिक, 31 अगस्त की रात सुभाषनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्याकांड में वांछित बाबू उर्फ रोहित श्मशान घाट मंदिर से सराय तलफी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सराय तलफी रोड पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस का दावा है कि टीम को देखकर आरोपी भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### तमंचा और चाकू बरामद

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाबू उर्फ रोहित पुत्र राजेंद्र उर्फ राजू, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी वंशीनगला, थाना सुभाषनगर, बरेली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके अलावा आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया एक चाकू भी बरामद किया गया है। पैर में गोली लगने के बाद घायल आरोपी को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां पुलिस हिरासत में उसका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस मुठभेड़ और अवैध शस्त्र बरामदगी के संबंध में अलग से मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## भुगतान को लेकर मिल गेट पर डटे किसान

**बहेड़ी।** दो सत्रों के करीब 159 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के बैनर तले किसानों का केसर मिल के डिस्टलरी गेट पर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान भुगतान मिलने तक धरना समाप्त नहीं करने पर अड़े हैं। धरने को संबोधित करते हुए भाकियू भानु के तराई क्षेत्र प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अमर सिंह और प्रवक्ता जुबैर सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि मिल ने किसानों के गन्ने से चीनी बनाकर बेच दी, लेकिन उनका भुगतान नहीं किया। उन्होंने प्रशासन पर भी मिल प्रबंधन पर पर्याप्त दबाव नहीं बनाने का आरोप लगाया। किसान ट्रैक्टर-ट्राली और कंबाइन के साथ धरना स्थल पर डटे रहे। मंगलवार को भीम आर्मी के सदस्यों के अलावा सभासद ताहिर पप्पू और ओमप्रकाश गंगवार ने किसानों का समर्थन किया।

# हार्डवेयर-परचून की दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में भिटौरा पुलिया के पास मंगलवार को हार्डवेयर और परचून की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान से उठती आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग में दुकान में रखा हार्डवेयर और परचून समेत अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया। आग की तीव्रता को देखते हुए काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस और दमकल टीम ने आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोकने के लिए भी प्रयास किए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस और संबंधित विभाग की ओर से आग के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल गया। सूचना पर थाना प्रभारी प्रवीन कुमार और चौकी प्रभारी आदेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों को सुरक्षित किया और दमकल कर्मियों के साथ राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। पुलिस के मुताबिक आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन दुकान मालिक की ओर से सामान का विवरण उपलब्ध कराने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर दो लाख वसूले

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर युवक से कथित तौर पर दो लाख रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी युवती ने युवक से और रुपये की मांग की। अतिरिक्त रुपये देने से इनकार करने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी गई। शिकायत के आधार पर प्रेमनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवती अमृत कौर को सैटेलाइट बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस के मुताबिक अभिषेक ने 24 जुलाई को प्रेमनगर थाने में शिकायत देकर बताया था कि गांधीपुरम, हार्टमैन रोड निवासी 24 वर्षीय अमृत कौर ने उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। आरोप है कि युवती ने इसी डर का फायदा उठाकर उससे दो लाख रुपये ले लिए। अभिषेक का कहना है कि इसके बाद भी अमृत कौर की मांग खत्म नहीं हुई और वह लगातार अतिरिक्त रकम मांगती रही।

शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसने और रुपये देने से इनकार किया तो आरोपी युवती ने कथित तौर पर उसके खिलाफ झूठे आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराने, जेल भिजवाने और नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर अभिषेक ने पुलिस से शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंगदारी और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11:10 बजे टीम ने कार्रवाई करते हुए अमृत कौर को सैटेलाइट बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया।

### पुलिस पूछताछ में लालच की बात बताने का दावा

पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान अमृत कौर ने कथित तौर पर बताया कि उसने लालच में आकर जीविका चलाने के लिए ऐसा किया और उससे गलती हो गई। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों और पुलिस कार्रवाई का अंतिम निर्धारण न्यायिक प्रक्रिया के दौरान होगा।

### पहले भी दर्ज हो चुका है मुकदमा

पुलिस के मुताबिक अमृत कौर के खिलाफ प्रेमनगर थाने में पहले भी रंगदारी और धमकी से संबंधित मुकदमा दर्ज हो चुका है। वर्ष 2025 में उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 308(2), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वर्तमान प्रकरण में पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(2), 308(3), 308(7) और 352(2) के तहत कार्रवाई की है।

### मीडिया कर्मियों से संपर्क और निजी विवाद की भी चर्चा

मामले से जुड़े स्थानीय स्तर के विवरण में अमृत कौर की कुछ मीडिया कर्मियों से दोस्ती और पत्रकारों के विभिन्न ग्रुपों में सक्रिय रहने की भी चर्चा है। आरोप है कि वह इन संपर्कों के जरिए प्रभावशाली लोगों तक अपनी पहुंच बनाने की कोशिश करती थी। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस की ओर से गिरफ्तारी संबंधी उपलब्ध जानकारी में इसे अपराध का आधार नहीं बताया गया है। बताया जा रहा है कि अमृत कौर का अपने पति से भी विवाद चल रहा है। इस निजी विवाद की वास्तविक स्थिति और उसका मौजूदा प्रकरण से कोई संबंध है या नहीं, यह पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्ट होगा। फिलहाल प्रेमनगर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की गई है।

# फर्जी बिजली कर्मचारी बनकर वसूली करने वाले 3 गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना आंवला पुलिस ने फर्जी विद्युत कर्मचारी बनकर लोगों से धन उगाही करने, बिजली मीटरों से छेड़छाड़ करने और सरकारी सामग्री का दुरुपयोग कर विद्युत विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त 2026 को विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से थाना आंवला में लिखित तहरीर देकर शिकायत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कुछ लोग स्वयं को विद्युत विभाग का कर्मचारी बताकर उपभोक्ताओं से धन की वसूली कर रहे थे। इसके साथ ही मीटरों से छेड़छाड़ तथा सरकारी विद्युत सामग्री के दुरुपयोग की शिकायत भी सामने आई थी। तहरीर के आधार पर थाना आंवला पुलिस ने मुन्ना उर्फ शाकिर निवासी मोहल्ला कोहाड़ पीर, थाना प्रेमनगर, बरेली, मुकेश निवासी बीडीए कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, बरेली, अशोक कुमार सक्सेना निवासी पटेल बिहार कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, बरेली तथा समीर निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुन्ना उर्फ शाकिर, मुकेश और अशोक कुमार सक्सेना को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक मामले में फरार चल रहे आरोपी समीर की तलाश की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी कथित तौर पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों का रूप धारण कर लोगों पर प्रभाव डालते थे और मीटरों से छेड़छाड़ तथा अन्य गतिविधियों के नाम पर धन की मांग करते थे। आरोपियों पर सरकारी सामग्री का दुरुपयोग करने और विद्युत विभाग की छवि खराब करने का भी आरोप है। थाना आंवला में मुकदमा अपराध संख्या 455/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 308(5), 204 बीएनएस तथा विद्युत अधिनियम की धारा 135/136 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। जिनमें मुन्ना उर्फ शाकिर, उम्र 45 वर्ष, निवासी मोहल्ला कोहाड़ पीर, थाना प्रेमनगर, बरेली। मुकेश, उम्र 38 वर्ष, निवासी मोहल्ला बीडीए कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, बरेली। अशोक कुमार सक्सेना, उम्र 64 वर्ष, निवासी पटेल बिहार कॉलोनी, थाना सुभाषनगर, बरेली है। वहीं, मामले में नामजद समीर निवासी अज्ञात को पुलिस तलाश रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बेगराम सिंह तथा आरक्षी 1139 गौतम कुमार, थाना आंवला, जनपद बरेली की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि विद्युत विभाग के नाम पर फर्जी तरीके से वसूली करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान हेतु की गई पहल के लिए बरेली कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी चौधरी सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** 21 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल होशियार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए की गई पहल के लिए बरेली कॉलेज की छात्रा दिव्यांशी चौधरी को सम्मानित किया।

बरेली कॉलेज से बीएससी कर रही मां वैष्णो कुंज कॉलोनी, बरेली निवासी छात्रा दिव्यांशी चौधरी पुत्री गिरजा शंकर दिनांक 31 अगस्त को जब अपने घर से बरेली कॉलेज पढ़ने आ रही थी तब उसने देखा कि गांधी उद्यान में लगा राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) का ऊपरी हिस्सा किन्हीं कारणों से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा कॉलेज से घर जाते समय भी वह क्षतिग्रस्त ही है। दिव्यांशी के मन में पूरे दिन उथल-पुथल चलती रही, वह यह सोचने लगी कि राष्ट्रीय ध्वज को कैसे ठीक कराया जाए? अगले दिन मंगलवार दिनांक 1 सितंबर को छात्रा बरेली कॉलेज स्थित 21वीं वाहिनी एनसीसी के कार्यालय में आकर कमान अधिकारी कर्नल होशियार सिंह से मिली और उन्हें सारा वाक्या बताते हुए कहा कि सर कैसे भी इसे ठीक करा दीजिए। कमान अधिकारी कर्नल होशियार सिंह ने तत्काल नगर निगम के अधिकारियों से बात कर राष्ट्रीय ध्वज को शीघ्र ठीक कराने को कहा, वहां से आश्वासन मिला कि इसे अतिशीघ्र ठीक करा दिया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए छात्रा दिव्यांशी चौधरी की पहल एवं लगन हेतु कमान अधिकारी ने दिव्यांशी को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। दिव्यांशी ने कमान अधिकारी के सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# 14 साल बाद रिश्वत के आरोप से बरी हुआ अभियुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना की प्रभावी पैरवी, अदालत ने माना- अभियोजन आरोप युक्तियुक्त ढंग से साबित नहीं कर पाया

**बरेली।** खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में लोन फाइल पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के करीब 14 साल पुराने मामले में अदालत ने अभियुक्त को आरोप से बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना ने प्रभावी पैरवी करते हुए अभियोजन के साक्ष्यों और विवेचना की खामियों को अदालत के सामने रखा। उनके साथ अधिवक्ता सुमित मुनि सक्सेना सहायक अधिवक्ता के रूप में रहे। अभियोजन के मुताबिक एक जुलाई 2014 को खादी ग्रामोद्योग कार्यालय, बदायूं में लोन फाइल पास कराने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नरेंद्र पर 10 प्रतिशत रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। इस संबंध में पीड़ित विनोद कुमार की ओर से थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया और वीडियो रिकॉर्डिंग की सीडी को भी साक्ष्य के तौर पर पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने दस गवाह पेश किए। बचाव पक्ष ने जिरह के दौरान गवाहों के बयानों में विरोधाभास और विवेचना में कथित कमियों को प्रमुखता से उठाया। बचाव पक्ष के अनुसार चश्मदीद गवाह मौके पर मौजूद रहने और वीडियो बनाने के संबंध में अपने ही बयानों में विरोधाभासी जवाब देता रहा। तीन विवेचकों से जिरह में वीडियो रिकॉर्डिंग की सील, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से जुड़े कानूनी प्रावधानों, वीडियो बनाने वाले व्यक्ति के मोबाइल और सिम तथा आवश्यक प्रमाणपत्र के संबंध में सवाल उठाए गए। इसके अलावा एक ही कार्यालय में नरेंद्र नाम के तीन व्यक्तियों के होने के बावजूद अभियुक्त की शिनाख्त की प्रक्रिया नहीं कराए जाने का मुद्दा भी अदालत के सामने रखा गया। अंतिम बहस में वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर कुमार सक्सेना ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में रिश्वत की मांग और स्वीकार किए जाने के आवश्यक तत्वों, गवाहों के विरोधाभासी बयानों तथा विवेचना की कमियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का भी हवाला दिया। अदालत ने अपने आदेश में अभियोजन की विवेचना और प्रस्तुत साक्ष्यों पर विचार करते हुए माना कि अभियोजन अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे साबित नहीं कर पाया। इसके बाद करीब 14 वर्ष पुराने रिश्वत के मामले में अभियुक्त को बरी कर दिया गया।

## चलती कार बनी आग का गोला, बाल बाल बचे सवार

**बहेड़ी।** सोमवार रात टोल प्लाजा से कुछ मीटर दूर किच्छा की ओर जा रही कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग की लपटों से घिर गई। उस समय कार में तीन लोग सवार थे। आग लगते ही तीनों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि कार में आग स्पार्किंग के कारण लगी, हालांकि सही कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। कार यूपी 47 पी 8880 बहेड़ी निवासी सलीम पुत्र हनीफ की बताई गई है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान, आरएसएस के युवा संवाद में सामाजिक जिम्मेदारी

## अनुशासन और राष्ट्रहित पर हुई चर्चा, दो पीढ़ियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान का बना मंच, युवाओं से सकारात्मक ऊर्जा के उपयोग की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में ग्राम गूरा बरेला स्थित श्रीमती संतोष कुमारी पाठक महाविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, जागरूकता और देश के प्रति कर्तव्यों को लेकर वक्ताओं ने विचार रखे। युवाओं से जागरूक होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं का जागरूक और संगठित होना बेहद आवश्यक है। भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को अपनी प्रतिभा, क्षमता और जिम्मेदारियों को पहचानकर उनका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सदुपयोग कर भारत को विश्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।



युवा संवाद में संबोधित करते आरएसएस के अधिकारी। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अधिकारी। -जागरण मोर्चा

विभाग कार्यवाह जगजीवन राम ने कहा कि युवा संवाद का उद्देश्य दो पीढ़ियों के बीच विचारों का आदान-प्रदान कर बेहतर समझ विकसित करना है। युवा पीढ़ी अपनी सोच और वर्तमान चुनौतियों को वरिष्ठों के सामने रखे तथा वरिष्ठ पीढ़ी के अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि दोनों पीढ़ियों के बीच निरंतर संवाद से समाज को सकारात्मक दिशा देने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि युवा किसी भी देश की रीढ़ होते हैं। देश का भविष्य युवाओं की सोच, जागरूकता और कार्यक्षमता पर निर्भर करता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच और ऊर्जा समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

इस दौरान युवाओं ने विभिन्न सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार भी साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि सही दिशा और सकारात्मक सोच मिलने पर युवा शक्ति देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सक्षम है।

इस अवसर पर तहसील प्रचारक पवन भारत, महाविद्यालय निदेशक अंकित पाठक, कंचन सिंह, अनिरुद्ध कुमार, रघुबीर कश्यप, अंशुमान, पवन दुबे, दीपक मिश्रा, शिवम पांडे, हर्ष, अंकित गुप्ता, मनोज शर्मा, कौशल शर्मा, संजीव सागर, मुकेश प्रधान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मिशन-2027 के लिए कांग्रेस ने कसी कमर, कुणाल चौधरी ने भरी हुंकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस ने संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी मंगलवार को बदायूं पहुंचे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की स्थिति, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों पर मंथन किया। इसके बाद कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय से अंबेडकर पार्क तक पैदल मार्च निकालकर धरना दिया।



कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के लोग। -जागरण मोर्चा

बैठक में कुणाल चौधरी ने भाजपा सरकार पर किसान, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है। उन्होंने आलू किसानों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि जिस आलू की कीमत पहले 1200 रुपये तक थी, वही किसान अब करीब 300 रुपये में बेचने को मजबूर हैं। सरकार ने किसानों की लागत आधी करने का वादा किया था, लेकिन लागत कम होने के बजाय कई गुना बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार की तलाश में भटक रहा है। कानून-व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए गांव-गांव जाकर संघर्ष करेंगे।

दलित नेता एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कथित शुद्धिकरण के मामले को लेकर भी कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर हमला बोला। कुणाल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस शोषित, वंचित और पीड़ित लोगों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की आवाज को किसी भी कार्रवाई के जरिए दबाया नहीं जा सकता।

युवा कांग्रेस के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ने जब इस घटना के खिलाफ आवाज उठाई तो कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई का प्रयास किया गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अपनी लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रखेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि जिस लगन से राहुल गांधी देशहित में संघर्ष कर रहे हैं, उसी भावना के साथ जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने 2027 में कांग्रेस को मजबूती देने का संकल्प दोहराया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**असरासी पुलिया के पास देर रात घायल मिले दोनों युवक, जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया**

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में असरासी पुलिया के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 31 अगस्त की रात करीब 11:30 बजे असरासी पुलिया के पास एक स्पेलेंडर बाइक और दो युवक घायल अवस्था में पड़े मिले। दोनों की पहचान कादरचौक कस्बा निवासी वीरेश उर्फ विपिन (20) पुत्र पप्पू और सौरव उर्फ चीता (23) पुत्र गोपाल उर्फ कुलदीप के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दी गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वह मौके से फरार हो चुका था। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस ने थाना परिसर में खड़ा करा लिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अब तक नहीं मिला आयुष्मान कार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले मंगलवार को सहसवान परियोजना के ब्लॉक सभागार में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष मोर श्री गुप्ता ने कहा कि सहसवान परियोजना की कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं अभी तक आयुष्मान कार्ड से वंचित हैं। इसके चलते उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संबंधित समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।



कार्यक्रम में मौजूद आंगनाबाड़ी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की समस्याओं का हर स्तर पर समाधान कराया जाएगा। यदि ब्लॉक स्तर पर समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिलकर समाधान कराया जाएगा।

बैठक में सहसवान ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें रेखा देवी को ब्लॉक अध्यक्ष, कुसुम सक्सेना को उपाध्यक्ष, उमा दीक्षित को सचिव, धनदेवी को उपसचिव, तोषी रानी को कोषाध्यक्ष, ममता को संगठन मंत्री, उषा को प्रचार मंत्री और सरला देवी को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इसके अलावा जिला स्तर पर होने वाले सम्मेलन की रूपरेखा भी तैयार की गई।

इस दौरान रानू सिंह, सावित्री देवी, प्रवेश कुमारी, ममता, रेनुका देवी, मुन्नी देवी, सरला देवी, रंजना देवी, उषा देवी, आशा देवी, अनीता, ममता रानी, प्रीति, नेहा पाठक, प्रियंका, सुमन लता, रेखा देवी, धन देवी और आशावती सहित अन्य कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# सुकुर्रा घाट हादसा: तीसरे दिन भी नहीं मिला युवक का शव, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

- मोटरबोट से कई किलोमीटर दायरे में सघन तलाशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सुकुर्रा घाट पर गंगा में डूबे युवक बृजेश का तीसरे दिन मंगलवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीमें मोटरबोट की मदद से सुबह से ही गंगा में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। कई किलोमीटर के दायरे में सघन तलाशी के बावजूद समाचार लिखे जाने तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका।


गंगा घाट पर युवक की तलाश में लगी टीम व जांच करते सीओ सहसवान।

थाना क्षेत्र के गांव सलावतपुर निवासी बृजेश रविवार दोपहर गंगा स्नान करने सुकुर्रा घाट पहुंचा था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश पाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई। तीसरे दिन भी जारी रहा अभियान रविवार देर शाम और सोमवार को दिनभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार सुबह फिर से पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीमें मोटरबोट लेकर गंगा में उतर गईं। संभावित स्थानों पर लगातार तलाश की जा रही है। वहीं, घाट पर ग्रामीणों और परिचितों की भीड़ जुटी हुई है। युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे उसके सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

**बैठक** कार्यशाला में उद्यमियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, लेबलिंग और बारकोड की दी जानकारी

# ओडीओसी उत्पादों की पैकेजिंग और गुणवत्ता सुधार पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उनकी पहचान मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) कार्यक्रम के तहत बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में उद्यमियों को उत्पादों की गुणवत्ता के साथ आधुनिक पैकेजिंग और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जानकारी दी गई।


निर्देश देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

कार्यशाला में बताया गया कि बदायूं के लिए ओडीओसी कार्यक्रम के तहत पेड़ा, मावा वाली मिठाइयां और लौंग व्यंजन के रूप में चयनित हैं। इन उत्पादों को आकर्षक एवं आधुनिक पैकेजिंग के जरिए बाजार में बेहतर पहचान दिलाने तथा उद्यमियों को नए बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ समन्वय किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों और उद्यमियों से चयनित उत्पादों की गुणवत्ता एवं पैकेजिंग में जरूरी सुधार करने को कहा। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, उचित लेबलिंग और पैकेजिंग मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उद्यमियों को जागरूक करने पर जोर दिया।

भारतीय पैकेजिंग संस्थान के विशेषज्ञों ने सुरक्षित एवं स्मार्ट पैकेजिंग, पैकेजिंग सामग्री के चयन, उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने, लेबलिंग और बारकोड समेत आधुनिक पैकेजिंग प्रणाली की जानकारी दी। खाद्य उत्पादों के लिए आवश्यक खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण की प्रक्रिया भी समझाई गई। उद्यमियों को लाइसेंस और पंजीकरण के लिए आवेदन करने में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही गई।

सीडीओ ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बेहतर पैकेजिंग और गुणवत्ता के साथ बाजार मिलने से स्थानीय उद्यमियों को लाभ होगा और जिले के ओडीओसी उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कार्यशाला में मिली जानकारी को अधिक से अधिक उद्यमियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के अधिकारी और ओडीओसी एवं पैकेजिंग से जुड़े उद्यमी मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद पाठक की मां का निधन

**बिसौली।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद पाठक की मां मनोरमा पाठक पत्नी मुनेंद्र पाल पाठक का सोमवार सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही स्वजन रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। मनोरमा पाठक के पुत्र गोपाल पाठक यूनियन बैंक में मैनेजर हैं, जबकि दूसरे पुत्र गोविंद पाठक भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैं। स्वजनों के अनुसार वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र में उनकी अलग पहचान थी। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए स्वजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों के लिए फिर खुला पोर्टल

## शिक्षण संस्थानों से लेकर जनपदीय समिति तक पूरी प्रक्रिया के लिए तय की गई समय-सारणी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में दशमोत्तर उच्च कक्षाओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित छात्र-छात्राओं को राहत मिली है। शिक्षण संस्थाओं से आवेदन अग्रसारित न होने, पीएफएमएस से आवेदन रिजेक्ट होने समेत अन्य कारणों से छूटे सभी वर्गों के पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। इसके लिए शासन की ओर से विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिलाने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों और अधिकारियों को निर्धारित समय के भीतर आवश्यक कार्रवाई पूरी करनी होगी। इसके तहत शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की प्रक्रिया एक से सात सितंबर तक पूरी की जाएगी। विश्वविद्यालय अथवा एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन दो से आठ सितंबर तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन तीन से नौ सितंबर तक किया जाएगा।

### 25 सितंबर तक लॉक होगा शुद्ध डाटा

जनपदीय समिति द्वारा सत्यापित एवं शुद्ध डाटा को लॉक करने की कार्रवाई 17 से 25 सितंबर तक की जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रक्रिया पूरी करने को कहा है, ताकि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल सके।

**16 से 18 सितंबर तक सुधारी जाएंगी आवेदन की त्रुटियां :** त्रुटिपूर्ण आवेदनों को शिक्षण संस्थान स्तर से सही करने के लिए 16 से 18 सितंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद 17 से 19 सितंबर तक शिक्षण संस्थानों द्वारा पात्र विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित कर अग्रसारित किए जाएंगे, जबकि अपात्र विद्यार्थियों के आवेदन निरस्त किए जाएंगे।

## संक्षेप समाचार

### आईजीआरएस निस्तारण में बदायूं पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

बदायूं। जनशिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निस्तारण के मामले में बदायूं पुलिस ने पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के अगस्त माह के मूल्यांकन में बदायूं पुलिस ने 135 में से 135 अंक प्राप्त कर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पहला स्थान प्राप्त किया। मूल्यांकन में संदर्भों की मार्किंग एवं अग्रसारण, डिफॉल्टर संदर्भ, संतुष्ट फीडबैक, उच्चाधिकारी एवं मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा श्रेणीकरण, रैंडम श्रेणीकरण, अधिकारियों की कार्रवाई, जनता दर्शन फीडिंग, प्रोफाइल अपडेट और फील्ड विजिट रिपोर्ट समेत सभी मानकों पर पुलिस को पूरे अंक मिले। खास बात यह रही कि कोई भी संदर्भ डिफॉल्टर नहीं हुआ। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले के 22 थानों में से 15 थानों ने भी आईजीआरएस मूल्यांकन में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह उपलब्धि शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता, जवाबदेही और प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एसएसपी ने नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक अशोक कुमार काम्बोज और आईजीआरएस यूनिट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने जनशिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए आगे भी इसी तरह कार्य जारी रखने पर जोर दिया।

### उसावां-फतेहगढ़ मार्ग पर बाइक-ईको की आमने-सामने भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

उसावां। थाना क्षेत्र के उसावां-फतेहगढ़ रोड पर मंगलवार को दो वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। घायल को तत्काल सीएचसी उसावां लाया गया, जहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया। नगर के वार्ड नंबर-2 निवासी अवनीश शाक्य पुत्र विष्णुदयाल अपनी बाइक से उसहैत की ओर से घर लौट रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार निजी ईको कार ने उन्हें टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि अवनीश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्वजन व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सीएचसी पर डॉ. विक्रम सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में पंचायत हुई और आपसी सहमति से समझौता हो गया। तय हुआ कि घायल अवनीश के इलाज का पूरा खर्च ईको चालक वहन करेगा।

### नगर पंचायत उसावां में सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी रामेश्वर को दी गई भावभीनी विदाई

उसावां: नगर पंचायत उसावां में सफाई कर्मचारी रामेश्वर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका अनिल सिंह चौहान रहीं। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी रामेश्वर को उनकी दीर्घ सेवाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। अध्यक्ष प्रियंकाअनिल सिंह चौहान ने कहा कि नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की सेवाएं नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रामेश्वर ने अपने सेवाकाल के दौरान जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य किया। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। समारोह में नगर पंचायत परिवार की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान सहकर्मियों एवं उपस्थित लोगों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल के अनुभव साझा किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर किशोर कुमार सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश मिश्रा, विकास मिश्रा, आशीष प्रताप और विमला देवी सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी ने रामेश्वर को सम्मानपूर्वक विदाई दी।

### गंगा एक्सप्रेसवे हादसा: मेवली के दो सगे भाइयों के परिजनों से मिले विधायक हरीश शाक्य


परिजनों से मुलाकात करते बिल्सी विधायक हरीश शाक्य। -जागरण मोर्चा

बिल्सी। गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मेवली गांव के दो सगे भाइयों की मौत के बाद मंगलवार को बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। रविवार रात दिल्ली जाते समय हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। इनमें मेवली निवासी होतीलाल के पुत्र सुखबेंद्र और जसवंत भी शामिल थे। दोनों सगे भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार को विधायक हरीश शाक्य मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा और वह स्वयं पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। परिवार की हरसंभव सहायता कराने का प्रयास किया जाएगा। मृतकों के पिता होतीलाल ने विधायक को बताया कि उनका मकान कच्चा है और उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। इस पर विधायक ने तत्काल बिल्सी एसडीएम को फोन कर दुर्घटना सहायता राशि और आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि चारों मृतकों के परिजनों को मिलने वाली सरकारी आर्थिक सहायता भी जल्द दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति ओम प्रकाश सागर, रामवीर शाक्य, तेजवीर सागर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे डीएम, कटान का लिया जायजा

## 500 मीटर से अधिक कटान पर लगातार निगरानी के निर्देश, पशु चिकित्सा व स्वास्थ्य शिविर बढ़ाने को कहा

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरिक्षण करते डीएम। -जागरण मोर्चा



नाव से बाढ़ का जायजा लेते अधिकारी। -जागरण मोर्चा



संबंधित को निर्देश देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील दातागंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम भुंडी, रहपुरा और कदम नगला का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में हुए कटान का निरीक्षण करने के साथ ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें जानीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि क्षेत्र में 500 मीटर से अधिक कटान हो चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कटान वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखने और आवश्यकता के अनुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा और आवागमन प्रभावित न हो।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीरता बरतने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पशु चिकित्सा टीमें सप्ताह में कम से कम दो दिन नियमित रूप से गांवों में पहुंचकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करें। जरूरत के अनुसार उपचार और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ग्राम भुंडी से नाव के माध्यम से कदम नगला और रहपुरा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली और उनकी जरूरतों को सुना। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और जरूरत के मुताबिक हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की स्थिति पर सतत नजर रखने तथा राहत एवं बचाव कार्यों के साथ जरूरी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी दातागंज विनोद कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खेत पर फसल की रखवाली करने गए अधेड़ का पेड़ से लटका मिला शव

## रात में खाना खाकर घर से निकले थे प्रेमपाल, सुबह राहगीरों ने देखा शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



गमगीन माहौल में बैठे परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उझानी थाना क्षेत्र के गांव ननाखेड़ा में धान की फसल की रखवाली करने खेत पर गए 50 वर्षीय अधेड़ का शव मंगलवार सुबह पेड़ से फंदे पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव ननाखेड़ा निवासी प्रेमपाल (50) पुत्र बाबूराम सोमवार रात घर पर खाना खाने के बाद धान की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गए थे। परिजनों के अनुसार, वह रात में खेत पर ही रुककर फसल की निगरानी करने वाले थे। मंगलवार सुबह तक जब वह घर वापस नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता होने लगी।

इसी दौरान खेत की ओर से गुजर रहे राहगीरों ने एक पेड़ के नीचे प्रेमपाल का शव फंदे से लटका देखा। राहगीरों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों और परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रेमपाल ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भीम आर्मी के दौरे से सीकरी में बढ़ी चौकसी, पुलिस-पीएसी ने संभाला मोर्चा

## ग्रामीणों से बातचीत कर जाना घटनाक्रम, संवेदनशीलता को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिलाओं से बात करते भीम आर्मी के सदस्य। -जागरण मोर्चा



पुलिस की निगरानी के बाद भी गांव पहुंच गए भीम आर्मी के सदस्य।



गांव में तैनात पुलिस। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** राजा की सीकरी में शनिवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के पहुंचने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया। कार्यकर्ताओं के ग्रामीणों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी लेने के दौरान गांव में पुलिस और पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। संवेदनशीलता को देखते हुए प्रमुख रास्तों और संभावित संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई। हालांकि दौरे के दौरान स्थिति पूरी तरह सामान्य रही और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और पूरे घटनाक्रम को लेकर उनकी बात सुनी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं और उनकी ओर से रखी गई बातों की जानकारी ली गई। कार्यकर्ताओं के लौटने तक गांव में माहौल शांत रहा।

**बाहरी लोगों की आवाजाही और सोशल मीडिया पर भी नजर :** कुछ दिन पहले हुए विवाद के बाद सीकरी में संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर रखी थी। दौरे के दौरान गांव में आने-जाने वाले बाहरी लोगों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस और पीएसी के जवान लगातार गश्त करते रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संयम बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

पुलिस की निगाह इंटरनेट मीडिया पर भी बनी हुई है। सीकरी प्रकरण से जुड़े वीडियो और विभिन्न दावों के प्रसारित होने के चलते पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अपुष्ट वीडियो या सूचना को सत्यापन के बिना आगे प्रसारित न करें। इससे माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।

**सामान्य रही गांव की दिनचर्या, फरार आरोपियों की तलाश जारी :** भीम आर्मी के दौरे के बावजूद गांव में रोजमर्रा की गतिविधियां सामान्य रहीं। बाजार खुले रहे और ग्रामीण अपने कामकाज में लगे रहे। पुलिस-पीएसी की मौजूदगी के बीच कहीं से तनाव, टकराव या किसी अप्रिय स्थिति की सूचना नहीं मिली।

इधर, सीकरी प्रकरण में पुलिस की जांच और कार्रवाई जारी है। मामले में गिरफ्तारियां होने के बाद फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। प्रशासन की प्राथमिकता गांव में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

## संक्षेप समाचार

### तमंचे के साथ फोटो डालकर सोशल मीडिया पर दिखाया रौब, तस्वीर वायरल



**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव पिसनहारी निवासी एक युवक का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से खलबली मच गई। युवक ने हाथ में तमंचा लेकर फोटो खिंचवाने के बाद उसे सोशल मीडिया स्टेटस पर अपलोड किया। फोटो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वहीं, पुलिस भी वायरल फोटो के आधार पर युवक की पहचान और हथियार की जांच में जुट सकती है। वायरल तस्वीर में युवक हाथ में तमंचा लिए दिखाई दे रहा है। फोटो के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक और अन्य ग्राफिक्स भी लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर हथियार का इस तरह सार्वजनिक प्रदर्शन कर रौब दिखाने की कोशिश को लेकर क्षेत्र में चर्चा है। ग्रामीणों का कहना है कि युवाओं में इस तरह हथियारों का प्रदर्शन बढ़ना चिंता का विषय है। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वायरल तस्वीर में दिखाई दे रहा हथियार वास्तविक है या नहीं और फोटो कब का है, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट और फोटो के संबंध में जानकारी जुटाकर युवक की पहचान करती है तो हथियार के संबंध में भी जांच की जा सकती है। पुलिस का कहना है कि वायरल फोटो की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। यदि फोटो में अवैध हथियार पाया जाता है और युवक की पहचान होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सैंडोला में कीचड़ और जलभराव से रास्ते हुए बदहाल, ग्रामीणों का निकलना मुश्किल



सैंडोला गांव में रास्ते पर भरा बारिश का पानी और जमा कीचड़।

**आसफपुर।** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम सैंडोला में बारिश के बाद रास्तों पर जमा कीचड़ और पानी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। गांव के रास्तों पर जलभराव के कारण पैदल आवागमन तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के काम के लिए भी कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्तों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है। कई स्थानों पर पानी के साथ कीचड़ फैलने से रास्ते फिसलन भरे हो गए हैं। इससे पैदल राहगीरों के साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और अधिक परेशानी वाली बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार रास्तों की समस्या को लेकर ग्राम सचिव, ग्राम प्रशासक और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद न तो जल निकासी की व्यवस्था कराई गई और न ही रास्तों से कीचड़ हटाने की प्रभावी कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी समस्या से अवगत होने के बावजूद इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर रास्तों की स्थिति देखने, जलभराव की समस्या दूर कराने और स्थायी जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बारिश के दौरान समस्या और बढ़ेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# सुविधा शुल्क के आरोप में चार गांवों के 50-60 नलकूप चार दिन से बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर लाइन काटने का किसानों ने लगाया आरोप, उपकेंद्र पहुंचकर किया हंगामा**

**एसडीओ ने अधीनस्थों को फटकार लगाकर तत्काल आपूर्ति बहाल करने के दिए निर्देश**

**बदायूं।** विद्युत उपकेंद्र सिलहरी क्षेत्र के चार गांवों में नलकूपों की बिजली आपूर्ति चार दिन से बाधित होने से किसानों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में किसान विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच गए और हंगामा करते हुए अधिकारियों के सामने अपनी समस्या रखी। किसानों ने संबंधित लाइनमैन पर सुविधा शुल्क मांगने और मांग पूरी न होने पर नलकूपों की लाइन काटने का आरोप लगाया।

किसानों का कहना है कि बरातेगदार, रजलामई, कुनार और जिनौरा गांवों में करीब 50 से 60 नलकूप चार दिन से बंद पड़े हैं। नलकूपों की बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। चार दिन से सिंचाई प्रभावित होने के कारण किसानों को फसलों के खराब होने की चिंता सताने लगी है।

किसानों ने आरोप लगाया कि नलकूपों की लाइन में कोई स्पष्ट फाल्ट नहीं होने के बावजूद लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर आपूर्ति बंद रखी गई। किसानों के मुताबिक उन्होंने कई बार समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर मंगलवार को किसान विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और अधिकारियों के समक्ष विरोध जताया।

किसानों ने मामले की जांच कराकर सुविधा शुल्क मांगने के आरोपों की जांच कराने, दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने और नलकूपों की बिजली आपूर्ति तत्काल बहाल कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह दोबारा उपकेंद्र पर पहुंचकर आंदोलन करेंगे।

मामले की जानकारी मिलने पर एसडीओ शरद प्रताप सिंह ने संबंधित अधीनस्थों को फटकार लगाई और नलकूपों की लाइन तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों का आक्रोश शांत हुआ।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को कोर्ट ने सुनाई पांच साल की कैद की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर जिला जज और विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कक्ष संख्या एक दिनेश तिवारी ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ 10 हजार रुपए जुर्माना डाला। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना सिविल लाइन में 21 अक्तूबर 2022 में थाने तहरीर दी। बताया, ग्राम भगवतीपुर थाना सिविल लाइन कांस्टेबल उदयवीर उर्फ वनदूका पुत्र गंगासागर जो अपने बहनोई ओमप्रकाश पुत्र रामपाल के यहां रह रहा था। 21 अक्तूबर 2022 की शाम को वादी और उसकी लड़की उम्र 9 साल, उदयवीर उर्फ वनदूका के साथ गाड़ी कार में बैठकर रामलीला मेला देखने बदायूं आए थे। मेला देखने के बाद जब वापस घर जा रहे थे तो रास्ते में वादी को भूख लगने पर मेडिकल चौराहे के पास गाड़ी रुकवाई।

अपनी पुत्री को गाड़ी में छोड़कर खाना लेने शेरे पंजाब ढाबे पर चला गया। रात्रि समय करीब 10 बजे खाना लेकर गाड़ी की तरफ आया तो देखा की उदयवीर उर्फ वनदूका गाड़ी के पास फार्म हाउस जाने वाले रास्ते के किनारे उसकी लड़की का छेड़छाड़ कर रहा था। मुझे देखकर डर से ही लड़की चिल्लाई। यह देखकर उदयवीर उर्फ वनदूका तेजी से अपनी गाड़ी में बैठकर गाड़ी लेकर भाग गया। मैंने लड़की के पास आकर पूछा तो उसने बताया कि वनदूका उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। तुम्हें आता देखकर वनदूका भाग गया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना की। चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय में उदयवीर उर्फ वनदूका पुत्र गंगा सहाय निवासी भगवतीपुर थाना सिविल लाइन पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप का मुकदमा चलाया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात उक्त आरोप में दोषी पाते हुए उसे सजा सुनाई है।

**विरोध** | चेयरमैन-ईओ के खिलाफ लगाए नारे : सफाई, पानी और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर जताया आक्रोश

# समस्याओं को लेकर सभासदों संग वार्डवासियों ने पालिका में किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ककराला नगर पालिका क्षेत्र के चार वार्डों में सफाई, पेयजल आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था की समस्याओं को लेकर मंगलवार को सभासदों के साथ वार्डवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। यहां समस्याओं का समाधान नहीं होने से नाराज लोगों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान चेयरमैन इंतखाब अहमद सकलैनी और ईओ सुनील कुमार मिश्र के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

वार्ड संख्या 19, 22, 24 और 25 के सभासदों के नेतृत्व में पहुंचे वार्डवासियों ने पालिका अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र देने की बात कही। सभासद रिहान खान, रहिसुल खान, जुनैद खान और शहरयार खान ने आरोप लगाया कि उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, लेकिन उन्हें ठीक कराने के बजाय पुरानी लाइटों की मरम्मत कराकर दोबारा लगाया जा रहा है। आरोप है कि मरम्मत के बाद लाइटें कुछ ही समय में फिर खराब हो जाती हैं।

सभासदों ने वार्ड 19 में ट्यूबवेल चालू नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि विशेष रूप से शुक्रवार को पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं का हवाला देते हुए खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने और जरूरत वाले स्थानों पर नए कैमरे लगवाने की भी मांग की।

**नई बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग :** सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर की नई बस्तियों में सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनका कहना था कि नगर में विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन नई बस्तियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। इसके अलावा सभासदों ने बोर्ड बैठक को लेकर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि वर्ष में केवल एक बार बोर्ड बैठक आयोजित की जाती है और उसी दौरान अन्य कार्यों के नाम पर एजेंडे पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं।

### ईओ बोले- समस्या संज्ञान में, जल्द दूर कराई जाएंगी दिक्कतें

इस संबंध में ईओ सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि उन्हें प्रदर्शन और समस्याओं की जानकारी मिली है। प्रदर्शन के समय वह पालिका में मौजूद नहीं थे, बल्कि विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक में थे। उन्होंने बताया कि कूड़ा निस्तारण को लेकर दिक्कत आई थी। भोजपुर के ग्रामीणों के विरोध के कारण भी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे अब सुलझा लिया गया है। डंपिंग ग्राउंड में जगह की व्यवस्था कराई जा रही है और सफाईकर्मियों द्वारा सुबह-शाम कूड़ा उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य समस्याओं को भी संज्ञान में लेकर उनका समाधान कराया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पीडब्ल्यूडी के दो कर्मचारी घायल

**बिसौली।** ड्यूटी से वापस लौट रहे पीडब्ल्यूडी के दो कर्मचारियों की मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कर्मचारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे साथी कर्मचारी ने दोनों को घायल अवस्था में देखा और एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रतनपुर निवासी नवल किशोर (42) पुत्र राजाराम और अजनावर निवासी मनोज (40) पुत्र प्रेमपाल पीडब्ल्यूडी में कर्मचारी हैं। दोनों मंगलवार को मोटरसाइकिल से ड्यूटी पूरी कर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बगरैन में 4 सितंबर से सजेगा पांच दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वृंदावन की रासलीला से सजेगी रातें, 5 सितंबर को डीजे के साथ निकलेगी भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा**

**बगरैन।** कस्बे के बिसौली रोड स्थित काली माता मंदिर के समीप मंडी परिसर में इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पांच दिवसीय ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला चार सितंबर से शुरू होकर आठ सितंबर तक चलेगा। आयोजन को लेकर मेला समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेले को लेकर कस्बे और आसपास के क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है।

मेला अध्यक्ष राजीव पाराशरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप दिया गया है। मेले में प्रतिदिन रात को वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंडली धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देगी। रासलीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

मेले का मुख्य आकर्षण पांच सितंबर को निकलने वाली भगवान श्रीकृष्ण की विराट शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में बहजोई का प्रसिद्ध शर्मा डीजे भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। डीजे की धार्मिक धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आएंगे।

मेले में बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। दिन के समय चरख, विभिन्न प्रकार के झूले और मनोरंजन के अन्य साधन लगाए जाएंगे। वहीं खान-पान के लिए मिठाई, चाट-पकौड़ी और गरमा-गरम जलेबी की दुकानें सजेंगी।

इस बार मेले में पारंपरिक कठपुतली का करतब भी विशेष आकर्षण रहेगा। मेला समिति ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

**एक नजर**

### डीएम से मिलने पहुंचे किसान ने की नारेबाजी

**शाहजहांपुर।** अपनी समस्याएं लेकर डीएम से मिलने पहुंचे किसान यूनियन से जुड़े किसानों को मंगलवार को डीएम कार्यालय के बाहर सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया। सुरक्षा कर्मियों ने किसानों को बताया कि कार्यालय के अंदर विधायक मौजूद हैं, इसलिए कुछ देर इंतजार करना होगा। काफी देर तक इंतजार के बाद किसानों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते विधायक के विरोध में भी नारे लगाए जाने लगे। किसानों का कहना था कि प्रशासन ने आम जनता से मिलने के लिए सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित कर रखा है। इसके बावजूद इसी समय जनप्रतिनिधियों के मिलने आने से आम लोगों को इंतजार करना पड़ता है। किसानों की नारेबाजी और शोर-शराबे की जानकारी होने पर डीएम ने किसान यूनियन के प्रतिनिधियों को कार्यालय के अंदर बुलाया। इसके बाद उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# पुलिस छापे में संविदा लाइनमैन के घर मिले छह ट्रांसफार्मर, यूनिक नंबर प्लेटें उखाड़ीं

## अलग-अलग गांवों के ट्रांसफार्मर मिलने से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** बिजली विभाग की अधिकृत वर्कशॉप में मरम्मत के लिए भेजे जाने वाले खराब ट्रांसफार्मर एक संविदा लाइनमैन के घर पर रखे मिलने से विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उदरिया गांव में छापा मारा। यहां संविदा लाइनमैन पूरन लाल के घर से 100, 63 और 25 केवीए क्षमता के छह ट्रांसफार्मर बरामद किए गए। मौके से 16 नंबर की 16 क्वाइल, ट्रांसफार्मर की कोर, एक ड्रम मोबिल ऑयल और ट्रांसफार्मर खोलने-बांधने के उपकरण भी मिले। आरोप है कि लाइनमैन लंबे समय से घर पर ही ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कराता था।



संविदा कर्मी के घर बरामद ट्रांसफार्मर और अन्य सामग्री। -जागरण मोर्चा

इसके बदले किसानों और ग्रामीणों से रुपये लेने की भी शिकायत है। ट्रांसफार्मर मेंटीनेंस का काम देखने वाली फर्म लक्ष्मी चंद्र एंड कंपनी के प्रोपराइटर ओपी वर्मा ने लाइनमैन पर घर में अवैध रूप से वर्कशॉप संचालित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खराब ट्रांसफार्मरों को विभागीय वर्कशॉप भेजने के बजाय घर पर ही उनकी मरम्मत की जा रही थी। बरामद ट्रांसफार्मरों के अलग-अलग क्षेत्रों के होने की बात सामने आई है। इनमें दो की पहचान भी हो चुकी है। एक ट्रांसफार्मर गंगसरा के पास पकड़िया हकीम और दूसरा भावलखेड़ा के बड़ावन गांव का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कुछ ट्रांसफार्मरों की यूनिक नंबर प्लेटें उखाड़कर फेंक दी गई थीं। इससे उनकी पहचान और संबंधित क्षेत्र का पता लगाने में परेशानी हो रही है। जिन ट्रांसफार्मरों पर नंबर प्लेटें लगी हैं, उनकी कंप्यूटर के माध्यम से जांच कराई जा रही है। नियमानुसार किसी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने पर संबंधित अवर अभियंता की जिम्मेदारी होती है कि उसे उतरवाकर विभाग की अधिकृत वर्कशॉप तक पहुंचाया जाए। मरम्मत के बाद ट्रांसफार्मर को दोबारा संबंधित स्थान पर लगाया जाता है। ऐसे में एक संविदा लाइनमैन के घर पर छह खराब ट्रांसफार्मर समेत मरम्मत का सामान मिलने से बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कराई गई थी। बिजली विभाग के अधिकारियों से भी अपने स्तर से जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की साइकिलों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर में साइकिल चोरी की घटनाओं का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई 11 साइकिलें बरामद की हैं। आरोपित के पास से 150 रुपये भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित पिछले करीब एक माह से शहर में साइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। आवास विकास कालोनी, बरेली मोड़ निवासी धर्मेंद्र कुमार ने 27 अगस्त को घर के बाहर से साइकिल चोरी होने की तहरीर कोतवाली में दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सुशांत रावत कर रहे थे। सोमवार रात कोतवाली पुलिस टीम बरेली-सीतापुर हाईवे के पास गश्त कर रही थी। इसी





बरामद साइकिलों के साथ पुलिस कस्टडी में आरोपी। -जागरण मोर्चा

दौरान मुखबिर की सूचना पर कान्हा गौशाला जाने वाले रास्ते के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम बड़े लल्ला पुत्र स्व. रामनारायण निवासी ग्राम गोपालपुर ठठीऊरा, थाना तिलहर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 150 रुपये और मुकदमे से संबंधित चोरी की एक साइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित ने शाहजहांपुर शहर के अलग-अलग स्थानों से साइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 10 अन्य चोरी की साइकिलें भी बरामद कर लीं। इस तरह कुल 11 साइकिलें बरामद हुईं। पुलिस ने आरोपित को सोमवार रात करीब 9:02 बजे गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2020 में मदनापुर थाने में चोरी और चोरी का माल रखने, जबकि वर्ष 2021, 2022 और 2023 में तिलहर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में भी उसके विरुद्ध कोतवाली में चोरी और बरामदगी से संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुशांत रावत के अलावा कांस्टेबल राहुल, अश्वनी, रोहित कुमार और अभयवीर सोम शामिल रहे।

# खण्डहर रोड पर जाम से मुक्ति के लिए सभासद ने खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**परशुरामपुरी (शाहजहाँपुर)।** नगर पालिका परिषद जलालाबाद (परशुरामपुरी) में खण्डहर रोड से मुख्य चौराहे और तहसील तिराहे तक आए दिन लग रहे भयंकर जाम से आम जनता को निजात दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नामित सभासद एवं जिला संयोजक गौरव प्रताप राघव ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपा है।

खण्डहर रोड से मुख्य चौराहा और मुख्य चौराहे से तहसील तिराहे तक लगातार भारी जाम लग रहा है, जिससे 2 मिनट का सफर तय करने में घंटों का समय लग रहा है। गंभीर मरीजों को ले जाने में भी अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**जाम के प्रमुख कारण :** जगह-जगह ई-रिक्शा खड़े होना, फुटपाथ पर अवैध वाहन पार्किंग



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते नामित सभासद। -जागरण मोर्चा

और अतिक्रमण इस समस्या की मुख्य वजह हैं। इसके अलावा खण्डहर रोड स्थित लालाराम कुशवाहा का क्लिनिक एवं तहसील रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सबसे अधिक जाम की स्थिति बनती है।

**स्वीकृत प्रस्ताव के क्रियान्वयन की मांग :** वर्ष 2021 में बोर्ड की बैठक में नवीन गल्ला मण्डी गेट के सामने गाटा संख्या 132, 133 (नगर पालिका की शासकीय भूमि) पर ई-रिक्शा व टैक्सी स्टैण्ड बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभी तक इसे धरातल पर लागू नहीं किया गया है।

**भारी वाहनों के लिए सुझाव** 3 नवीन गल्ला मण्डी में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का आगमन मुख्य गेट से और निकासी पूर्वी गेट से कराने का सुझाव दिया गया है ताकि नगर को जाम से राहत मिल सके। सभासद गौरव प्रताप राघव ने चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान कर आम जनता को राहत नहीं दी गई, तो वे इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर करने के लिए बाध्य होंगे। पत्र सौंपने के दौरान सतीश शर्मा, सिद्धार्थ, मनोज दिवाकर, ओमप्रकाश सिंह, विपिन कुमार गुप्ता सहित अन्य स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ओसीएफ में रामलीला में इस बार दिखेंगे नये कलाकार नई भूमिकाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर की पहचान बन चुकी ओसीएफ रामलीला इस बार नए रंग-रूप में नजर आएगी। अक्तूबर में होने वाले रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कलाकारों ने पूर्वाभ्यास शुरू कर दिया है। इस बार कई पुराने कलाकारों के किरदार बदले गए हैं, जबकि कुछ नए चेहरों को महत्वपूर्ण भूमिकाएं सौंपी गई हैं।

रामलीला में मोहित वाजपेयी श्रीराम की भूमिका निभाएंगे, जबकि अमित श्रीवास्तव लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे। कई वर्षों तक लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले देवेंद्र कुमार इस बार विष्णु जी, विभीषण समेत अन्य किरदारों में नजर आएंगे।

वहीं पैर में चोट के कारण इस बार मोहित कनौजिया हनुमान की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। उनकी जगह अंकित अवस्थी हनुमान का किरदार निभाएंगे। इसी तरह वर्षों से परशुराम की भूमिका निभा रहे अरशद आजाद की जगह अब मोहम्मद सुहेल संन्यासी परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे।

इस बार रामादल और लंकेश की सेनाओं के बीच होने वाले युद्ध के मंचन को भी नए अंदाज में प्रस्तुत करने की तैयारी है। मंच की साज-सज्जा और लाइटिंग में भी बदलाव किए जाने की योजना है। आयोजकों का प्रयास है कि दर्शकों को पारंपरिक ओसीएफ रामलीला के साथ इस बार कुछ नया अनुभव भी मिले।

7 अक्टूबर से श्रीरामलीला का आगाज होगा। अब देखने वाली बात होगी कि नए कलाकार अपने किरदारों में दर्शकों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं और पुराने कलाकारों की बनाई छाप को किस तरह आगे बढ़ाते हैं।

**संक्षेप समाचार**

### हरियाणा पुलिस की तफ्तीश पर सर्राफ, आरोपी को नहीं जानते, ससुर से थे पुराने कारोबारी रिश्ते

**शाहजहांपुर।** चौक क्षेत्र के सर्राफा व्यापारी राम मोहन वर्मा ने हरियाणा पुलिस की जांच को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि पुलिस जिस युवक को शिनाख्त के लिए उनकी दुकान पर लेकर आई थी, उससे उनका कोई सीधा कारोबारी संबंध या परिचय नहीं है। व्यापारी राम मोहन वर्मा ने बताया कि वह पिछले करीब 40 वर्षों से निष्पक्ष और साफ-सुथरे तरीके से सर्राफा का कारोबार कर रहे हैं। जिस युवक (करन) को हरियाणा पुलिस साथ लेकर आई थी, वह तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरसंडा निवासी संतोष का दामाद है। संतोष पिछले 20 वर्षों से उनकी दुकान से नियमित रूप से सोने-चांदी के जेवरातों की खरीद-बिक्री करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व संतोष दुकान पर आए थे, जहां उन्होंने एक पुरानी अंगूठी बेचकर एक जोड़ी नई पायल खरीदी थी। उस दौरान उनका दामाद करन भी उनके साथ एक-दो बार दुकान पर आया था। इसके अलावा करन से उनका कोई व्यक्तिगत संपर्क या किसी तरह के माल की खरीद-बिक्री कभी नहीं हुई। व्यापारी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी कोई गलत काम नहीं किया है और पुलिस जांच में पूरा सहयोग करने को तैयार हैं।

### एडीएम एफआर ने किया आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण, बड़े बकायेदारों की वसूली अलग से उपलब्ध कराने के निर्देश



आरटीओ ऑफिस के निरीक्षण के दौरान एडीएम एफआर अरविंद कुमार।

**शाहजहांपुर।** नया भवन, बेहतर व्यवस्थाएं और साफ-सफाई के बावजूद जगह-जगह पान मसाला व गुटखे की पीक देखकर एडीएम वित्त अरविंद कुमार नाराज हो गए। उन्होंने एआरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों को भवन की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े बकायेदारों से राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा। डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों पर पहुंचकर कर्मचारियों के कार्यों की जानकारी ली और वहां मौजूद लोगों से भी संवाद किया। कार्यालय भवन की सामान्य साफ-सफाई व्यवस्था ठीक मिली। हालांकि, नया भवन होने के बावजूद कई स्थानों पर पान मसाला और गुटखे की पीक लगी मिली। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए भवन को साफ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दिव्यांगजनों के लिए बनाए गए रैंप और शौचालय की व्यवस्था भी देखी गई, जो सही मिली। कार्यालय में मौजूद लोगों से उनके काम के संबंध में पूछताछ भी की गई। सभी ने अपना काम कराने की बात कही और किसी प्रकार की शिकायत नहीं की। पटल संख्या एक पर अमरेंद्र कुमार कार्य करते मिले। एडीएम ने वसूली पत्रों के रखरखाव की जानकारी ली और तहसीलवार वसूली रजिस्टर का अवलोकन किया। राजस्व वसूली के लिए जिले में किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। एडीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि वसूली प्रमाण पत्रों के संबंध में पटल सहायक को उनके कार्यालय भेजकर बड़े बकायेदारों की वसूली का ब्योरा अलग से उपलब्ध कराया जाए। पटल संख्या दो पर विनीत कुमार सिंह कार्य करते मिले। एडीएम ने नए वाहनों के पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। एक वाहन का विवरण भी देखा गया। संबंधित वाहन के प्रपत्रों में कमी पाए जाने पर उसे डीलर को वापस भेजा गया था। एडीएम ने अभिलेखों और पंजीयन प्रक्रिया में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पैगंबर-ए-इस्लाम की तालीमात पर अमल करने की नसीहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मोहल्ला महमंद जलालनगर में पूर्व चेयरमैन एवं सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के आवास के पास जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जलसे में उलमा ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की जिंदगी, उनकी तालीमात और सुन्नतों पर रोशनी डालते हुए लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। कार्यक्रम का आगाज तिलावते कुरआन-ए-पाक से हुआ। दिल्ली से आए मुख्य वक्ता मुफ्ती मौलाना अमानुल हक देहलवी ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम आखिरी रसूल हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को रसूल अल्लाह की सुन्नतों पर अमल करते हुए उनके बताए रास्ते



शाहजहांपुर में तकरीर के दौरान मौजूद जायरीन। -जागरण मोर्चा

पर जिंदगी गुजारनी चाहिए। शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने हजरत मुहम्मद साहब की हयाते तैय्यबा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौलाना मोहम्मद जाबिर, मौलाना हाफिज अनीस अत्तारी, मुफ्ती राहिल मरकजी और मौलाना अनीस अथहर ने भी खिताब किया। लखीमपुर से आए मौलाना फरियाद अली, कारी डॉ. अली अहमद, मौलाना मोइन रजा, रेहान रजा कादरी, तौसीफ रजा और मौलाना किश्वर ने नात पेश की। कार्यक्रम का संचालन हाफिज इस्लाम बरकाती ने किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां, अतिउल्लाह सिद्दीकी, कासिम खां, तौकीर खान, रफी अंसारी, सलीम खान, नावेद खान, शकील अहमद, सैयद अनवर सईद, उजैर खां, निहाल, अमन खान, जमन खान, फैजान, हामिद खां, सबील खान बब्लू, मोहम्मद रफी अंसारी, नासिर खां, मुनव्वर खान और सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# पार्षदों के वायरल वीडियो की रिपोर्ट लखनऊ पहुंची, अब हाईकमान के पाले में फैसला

## महानगर अध्यक्ष ने भेजा पूरा ब्योरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम के पार्षदों के शपथ प्रकरण में अब भाजपा का प्रांतीय नेतृत्व भी सक्रिय हो गया है। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो और उसमें की गई टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कार्यालय ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तलब की थी। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने जांच से संबंधित पूरा ब्योरा प्रदेश कार्यालय को भेज दिया है। अब पार्टी नेतृत्व के निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। करीब छह दिन पहले नगर निगम के पार्षदों का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इसमें पार्षद निगम की कमाई को सभी 60 पार्षदों में बराबर बांटने की शपथ लेते नजर आए थे। वीडियो में अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया गया था। मामला सामने आने के बाद महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और महापौर अर्चना वर्मा ने संबंधित पार्षदों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। पार्षदों ने 29 अगस्त को अपने जवाब दे दिए थे। पार्षदों ने स्पष्टीकरण में बताया था कि एक पार्षद की जन्मदिन पार्टी में मजाकिया अंदाज में 15वें वित्त से होने वाले कार्यों के बराबर बंटवारे की बात कही गई थी। कुछ पार्षदों ने वीडियो को एआई के माध्यम से एडिट कर प्रसारित करने का आरोप भी लगाया था। हालांकि, प्रांतीय नेतृत्व इन स्पष्टीकरणों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं बताया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए महानगर अध्यक्ष से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई थी। उन्होंने वीडियो, पार्षदों के स्पष्टीकरण और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का ब्योरा प्रदेश कार्यालय को भेज दिया है। स्थानीय स्तर पर सोमवार को पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बैठक में निर्णय होने की चर्चा थी, लेकिन अब मामला प्रदेश नेतृत्व के पास पहुंचने के बाद फैसला वहीं से होने की संभावना है। महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने बताया कि प्रकरण की रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय भेज दी गई है। पार्टी नेतृत्व की ओर से जो भी निर्देश मिलेंगे, उनका पालन किया जाएगा।

**स्मार्ट पुलिसिंग** जिले की सभी 1068 ग्राम पंचायतों में कोड लग रहे क्यू आर कोड

# अब क्यू आर कोड से होगी गश्ती पुलिस कर्मियों की निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** सेल्फी लेकर अपने आवासों में AC की ठंडी हवा में आराम फरमा कर कानून व्यवस्था को होमगार्ड PRD और चौकीदारों के सर मड़ने बाले पुलिस कर्मियों के लिए बुरी खबर है। शाहजहांपुर में स्मार्ट पुलिसिंग को नये रूप में लाने के लिये नई पहल शुरू की जा रही है।

रात में ड्यूटी के दौरान गश्त के बजाय A C में आराम फरमाने वाले सिपाहियों पर अब निगरानी रहेगी। पुलिस गश्त की हकीकत क्यूआर कोड स्कैनिंग से सामने आएगी। गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए क्यूआर कोड स्कैन करने पर ही सिपाही की उपस्थिति दर्ज मानी जाएगी। स्कैनिंग नहीं करने वाले





फोटो स्रोत एआई। -जागरण मोर्चा

सिपाहियों को गश्त से अनुपस्थित माना जाएगा। एसपी सौरभ दीक्षित ने जिले में रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के लिए यह व्यवस्था तैयार की है, जिसे मंगलवार से लागू किया जा रहा है। शहर के 15 अतिसंवेदनशील मोहल्लों के साथ जिले की सभी 1068 ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में क्यूआर कोड लगते जाएंगे, वहां गश्त करने वाले सिपाहियों के लिए इसकी स्कैनिंग अनिवार्य होगी।

**क्यूआर स्कैन होते ही कंट्रोल यूनिट को मिलेगा अलर्ट :** क्यूआर कोड स्कैनर अतिसंवेदनशील मोहल्लों के चौराहों, गांवों के पंचायत भवनों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। गश्त के दौरान सिपाही अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन करेंगे। स्कैन करते ही सिपाही के मोबाइल नंबर के साथ क्राइम कंट्रोल यूनिट में अलर्ट पहुंचेगा। खास बात यह है कि क्यूआर कोड जियो टैगिंग से लैस होंगे। इससे स्कैन किए जाने के समय सिपाही की लोकेशन भी सामने आ जाएगी। इस व्यवस्था से क्यूआर कोड की फोटो मोबाइल में सुरक्षित कर घर बैठे स्कैन करने की कोशिश भी नहीं हो सकेगी।

## सिर में लगी चोटों के कारण हुई सुधीर की मौत

**खुदागंज।** गांव मझिला निवासी सुधीर सिंह की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद सिर में चोटों के कारण मौत की पुष्टि हुईहै मृतक के चाचा ने गांव के ही लोगों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मझिला निवासी सुधीर सिंह गांव के महेंद्र सिंह के साथ चरखौला गांव दोस्त के घर गए थे जहां सभी ने शराब पी और खाना खाया इसके बाद सुधीर गांव के निकट गंभीर अवस्था में पड़े मिले जिन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के चाचा समरपाल सिंह द्वारा गांव में पता किया गया कि गांव के ही बबलू ओमपाल शिव शंकर ने ने सुधीर सिंह के साथ मारपीट की थी सिर में डंडे लगने के कारण उनकी मौत हो गई पुलिस ने उक्त तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साढ़े तीन करोड़ रुपये की लगात से बनी सड़क में हो गए गड्ढे, पुलिया धंसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत ग्रामीणों को सुगम आवागमन देने के दावों पर विभागीय लापरवाही और ठेकेदारी के गठजोड़ ने पानी फेर दिया है। मदनापुर विकास खंड में करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनी साढ़े पांच किलोमीटर लंबी सड़क समय से पहले ही जर्जर होकर भ्रष्टाचार की गवाही दे रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और पुलिया के पास धंसी सड़क हर पल बड़े हादसों को न्योता दे रही है।

मदनापुर के टॉपर मार्ग से नगारिया निजामपुर तक 5.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण मई 2022 में कराया गया था।

> कार्यदाई फर्म को पत्राचार कर दिया गया है, बरसात समाप्त होते ही सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।
>
> -अनूप सिंह अवर अभियंता, पीएमजीएसवाई प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, शाहजहांपुर

विभागीय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, इस परियोजना पर 3 करोड़ 48 लाख 23 हजार रुपये खर्च किए गए। निर्माण का जिम्मा मैसर्स मां पूर्णागिरी कंस्ट्रक्शन, अरुण नगर (एटा) के पास था। नियम और अनुबंध के तहत इस सड़क की गारंटी अवधि 16 मई 2027 तक तय है। इसके बावजूद गारंटी अवधि के बीच में ही डामर गायब हो चुका है और नुकीली गिट्टियां बाहर निकल आई हैं।

**कागजों पर अनुरक्षण, जमीन पर जानलेवा गड्ढे :** नियमों के मुताबिक ठेकेदार और विभाग को गारंटी अवधि के दौरान नियमित मेंटिनेंस (अनुरक्षण) करना होता है। विभागीय अभिलेखों में हर साल लाखों रुपये का अनुरक्षण बजट भी खप रहा है, लेकिन धरातल पर स्थिति बदतर है। ग्रामीणों का खुला आरोप है कि मेंटिनेंस के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। पुलिया के पास धंसा मार्ग, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों के साथ-साथ एक पुलिया के पास सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया है। रात के अंधेरे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान जान लेवा बना हुआ है। आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं और स्कूली बच्चों व किसानों का निकलना दूभर हो गया है।

## एक नजर

### पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चंदौसी।** पिंक चौकी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। 28 अगस्त को महिला थाना बहजोई पर महिला ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें पति मोहित पुत्र बलवीर, ससुर बलवीर पुत्र जयचन्द, सास रानी पत्नी बलवीर, देवर शनी पुत्र बलवीर, ननद पूजा पुत्री बलवीर निवासीगण ग्राम चौदरपुर थाना मझौला जिला मुरादाबाद हाल निवासी मकान नं 35ए माडी रोड न्यू मंगलपुरी मेहरौली दक्षिणी दिल्ली को नामदर्ज किया था। सोमवार को पिंक चौकी संभल गेट पर आरोपी मोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# प्रदर्शन के बाद प्राचार्य से मिले छात्र

### प्राचार्य के समक्ष रखी अपनी मांग, अब छात्र-छात्राओं के लिए 2 घंटे खोली जाएगी महाविद्यालय की बड़ी फील्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी के एसएम कॉलेज में प्रदर्शन करते छात्र। -जागरण मोर्चा



चंदौसी के एसएम कॉलेज में प्राचार्य से वार्ता करते छात्र। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** एसएम कॉलेज की बड़ी फील्ड काफी समय से छात्रों के लिए बंद कर दी है। मंगलवार को काफी संख्या में छात्र गांधी पार्क से प्रदर्शन करते हुए कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर बड़ा फील्ड छात्रों के लिए खोले जाने की मांग की। प्राचार्य ने छात्रों की बात मान ली इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा।

एसएम कॉलेज की बड़ी फील्ड छात्रों के लिए काफी समय से बंद कर रखी है। जबकि वह शारीरिक प्रतियोगिताओं, दौड़, कूद आदि के लिए, इसका उपयोग करते आ रहे थे। इसके बंद होने से छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को कॉलेज के छात्र गांधी पार्क में एकत्रित हुए यहां से प्रदर्शन करते हुए कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि कालेज का बड़ा ग्राउंड विगत वर्षों से शारीरिक दक्षता की तैयारी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। जिसमें युवा एवं छात्र अपनी तैयारी कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए हैं। परन्तु विगत कुछ समय से कॉलेज का ग्राउंड अचानक से बंद कर दिया गया तथा छात्रों एवं युवाओं को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। जिससे युवाओं को शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अभी हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा, होमगार्ड की परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं तथा अग्निवीर की दक्षता परीक्षा होनी है। इसलिए युवाओं के भविष्य को देखते हुए कॉलेज का बड़ा फील्ड अविलम्ब रूप से खुलवाने जाए, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। प्राचार्य ने छात्रों को शीघ्र ही फील्ड छात्र हित में खोले जाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की मांग मान ली बताया कि शाम को 5 बजे से 6 बजे तक छात्राओं के लिए फील्ड खोली जाएगी इसके अलावा 6 से 7 बजे तक छात्र फील्ड में पहुंच प्रैक्टिस कर सकते हैं। प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपने वालों में सुमित, विपिन, रवि यादव, दिलशेर, हरीश, मनीश, गौरव, मोहित, रवि, दीपक, दिनेश, जूली आदि समेत काफी संख्या में छात्र व छात्राएं शामिल रहे।

# दो मामलों में श्रमिकों को 1.49 लाख रुपये की दिलाई मजदूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्रमिकों की लंबित मजदूरी के भुगतान को लेकर प्राप्त शिकायतों पर श्रम विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाई करते हुए मंगलवार को सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल द्वारा मजदूरी भुगतान अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सेवायोजक पक्ष से वार्ता कर श्रमिकों की बकाया मजदूरी का भुगतान कराया गया। पहले मामले में श्रमिक ममता एवं अन्य की शिकायत पर सहायक श्रम आयुक्त रामलखन पटेल द्वारा सेवायोजक पक्ष प्रगमैटिक इन्फ्रा प्रालि के स्वामी/प्रतिनिधि से वार्ता कराई गई। वार्ता के उपरांत दोनों पक्षों के मध्य सहमति बनी, जिसके तहत सेवायोजक पक्ष द्वारा श्रमिकों ममता, बृजभूषण, हरदयाल, मातादीन, महेश, रतीराम, अनिल, यशोदा, इन्द्रा, पूजा एवं तुलसा को कुल 82 हजार रुपये की मजदूरी का भुगतान कराया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय आए श्रमिकों को आने-जाने के किराये के रूप में 4,500 रुपये का अतिरिक्त भुगतान भी सेवायोजक पक्ष से कराया गया। इसी क्रम में एक अन्य शिकायत की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरनाम सिंह, धर्म सिंह आदि के सेवायोजक पक्ष मै. अभिलाषा इंटरप्राइजेज पर बकाया वेतन 67,268 रुपये का भुगतान श्रमिकों को कराया गया। मजदूरी का भुगतान प्राप्त होने पर सभी शिकायतकर्ताओं ने सहायक श्रम आयुक्त रामलखन पटेल के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रम विभाग के वाद लिपिक ललित कुमार द्वारा बताया गया कि यदि जनपद में किसी भी श्रमिक की मजदूरी सेवायोजक पक्ष पर बकाया एवं भुगतान लंबित है, तो संबंधित श्रमिक कार्यालय / न्यायालय सहायक श्रम आयुक्त सम्भल में उपस्थित होकर नियमानुसार वाद दायर कर सकते हैं।

# एंटी रोमियो टीम ने किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय



छात्राओं को जागरुक करती एंटी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बहु बेटी सम्मेलन कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण व स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## बंदरों से बचने के प्रयास में छत से गिरी महिला

**चंदौसी।** थाना क्षेत्र के गांव डारनी में मंगलवार सुबह बंदरों से बचने के प्रयास में एक महिला छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव निवासी हंती देवी (पत्नी पप्पू) सुबह करीब नौ बजे मकान की छत पर बैठी थीं। इसी दौरान बंदरों का झुंड छत पर पहुंच गया और महिला को घेर लिया। बंदरों को देखकर वह बचने का प्रयास करने लगीं, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे सड़क पर जा गिरीं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और 108 एंबुलेंस की मदद से महिला को सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# चोरी के बिजली के तार के साथ 7 आरोपी दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली चोरी के तारों का खुलासा करते एसपी। -जागरण मोर्चा

- चोरी में प्रयुक्त दो वाहन भी पुलिस ने किये बरामद
- केला देवी पुलिस ने किया घटना का खुलासा

**चंदौसी।** थाना केला देवी ने बिजली तार चोरी का खुलासा किया है पुलिस ने बिजली चोरी के आरोप में 7 लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में बिजली का तार बरामद किया है सभी आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

थाना केला देवी में आनन्द शुक्ला पुत्र श्री मुन्ना शुक्ला निवासी ग्राम शनिपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर ने प्रार्थना पत्र देकर सूचना दी थी कि 4 अज्ञात लोगों द्वारा रात्रि में उसे पकड़ उसकी टीन शैड में रखे 2 ड्रम बिजली के तार व कमरे में रखे 2 ड्रम बिजली के तार को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर छोटे हाथी में भरकर ले गए थे पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। केला देवी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 7 आरोपियों को ग्राम भटौला के पास बने अंडर पास/गंगा एक्सप्रेस वे के नीचे से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अली खान पुत्र महमूद निवासी बेहटा हाजीपुर कस्बा व थाना लोनी गाजियाबाद मूल निवासी कस्बा व थाना चौसाना जिला शामली। शमशुल पुत्र इनामुद्दीन निवासी न्यू सीलमपुर दिल्ली मूल पता म्यूनी थाना सिकन्दरपुर वेस्ट तहसील पटियाली जिला कासगंज।

खुशनूद अली पुत्र सत्तार अली निवासी B-25 न्यू सीलमपुर दिल्ली, गौतम सिंह पुत्र रामफूल निवासी ग्राम केसोपुर भंडी थाना नखासा। पुष्पेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी ग्राम सुन्दरपुर कल्यान थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद। अरशद पुत्र मौहम्मद नाजिम निवासी असलतपुरा बडी मस्जिद के पीछे थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद। आनन्द शुक्ला पुत्र श्री मुन्ना शुक्ला निवासी ग्राम शनिपुर थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस विवेचना के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज से एक छोटा हाथी व एक वैगनार कार तस्दीक हुयी। जिसके आधार पर मुखबिर की सूचना पर सभी आरोपियों को ग्राम भटौला अंडर पास पर छोटा हाथी मय चोरी के बिजली के तार सहित व घटना में प्रयुक्त वैगनार कार को बरामद किया गया।

# डीएम के हस्तक्षेप के बाद हुआ 5 वर्ष पुराने विवाद का समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जनसुनवाई के दौरान ग्राम सिकंदरपुर करछली निवासी सुंदर पुत्र भूर सिंह ने भूमि एवं नहर निर्माण से संबंधित शिकायत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के समक्ष प्रस्तुत की। शिकायत में गाटा संख्या 174 और 175 के बीच सीमांकन को लेकर करीब पांच वर्षों से चले आ रहे विवाद का उल्लेख किया गया था।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश और उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र के निर्देशन में नायब तहसीलदार अरविंद कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन कराया। जांच के दौरान दोनों गाटों के मध्य सीमांकन संबंधी विवाद का समाधान किया गया और भूमि को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया। सीमांकन विवाद के कारण मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-8, बुलंदशहर को भी नहर निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करने और आवश्यक बैनामे की कार्रवाई में परेशानी आ रही थी। पूर्व में किए गए बैनामे के आधार पर संबंधित भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई भी लंबित थी। राजस्व एवं सिंचाई विभाग के संयुक्त प्रयास से विवाद का निस्तारण करते हुए संबंधित भूमि पर मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-8 को कब्जा दिलाया गया। इससे नहर निर्माण कार्य में आ रही बाधा दूर हो गई और निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई से लंबे समय से लंबित भूमि विवाद का समाधान होने के साथ नहर परियोजना के कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

## महिला को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**चंदौसी।** थाना क्षेत्र के गांव कुढ़फतेहगढ़ में मंगलवार सुबह चारपाई पर लेटी महिला को सांप ने डस लिया। गांव निवासी बडडे की पत्नी नेक्सी सुबह करीब आठ बजे घर में चारपाई पर लेटी थीं।

इसी दौरान उन्होंने अपना दायां हाथ चारपाई से नीचे लटकाया। पास बैठे सांप ने उनकी उंगली में डस लिया। सांप के डसने की जानकारी होते ही महिला ने शोर मचाया। परिजन मौके पर पहुंचे और पहले उन्हें झाड़-फूंक कराने वाले के पास ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन शाम को महिला को सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# राष्ट्रपति के राखी बांधने पर समिति ने छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित



चंदौसी में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** वैश्य एकता समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें न्यू सत्यम एकेडमी की डायरेक्टर नमिता चौधरी एवं छात्र-छात्राओं रुहान्श, माधव गुप्ता, अक्षिता एवं पावनी को राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रपति को राखी बांधने एवं उनसे भेंट का गौरव प्राप्त करने पर पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष ललित वार्ष्णेय ने कहा कि वैश्य समाज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधकर एवं भेंट कर वैश्य समाज, नगर एवं विद्यालय का मान एवं गौरव बढ़ाया है। वैश्य एकता समिति द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष दीपेश सेठ, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, पीयूष बंसल, विकास वार्ष्णेय, सचिन कुमार, राजा गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नामांकन प्रक्रिया और कॉलेज में हुए विरोध पर प्राचार्य ने की स्थिति स्पष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में 29 जुलाई को निरस्त की गई एनसीसी भर्ती प्रक्रिया को लेकर चल रहे विवाद पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि भर्ती में अपारदर्शिता और पक्षपात की शिकायतें मिलने के बाद 9 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मुरादाबाद के कमान अधिकारी ने प्रक्रिया निरस्त कर दी थी। इसके बाद पारदर्शी तरीके से दोबारा भर्ती के लिए आदेश जारी किया गया।

प्राचार्या ने कॉलेज की एनसीसी एएनओ पर आरोप लगाया कि उन्होंने बटालियन के नियमों, शारीरिक मानदंडों और समय-सीमा की जानकारी छात्राओं को नहीं दी और उन्हें पुराने चयन को अंतिम बताकर गुमराह किया। उनका आरोप है कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही प्राचार्या की जानकारी के बिना छात्राओं को एनसीसी यूनिफॉर्म खरीदने के लिए प्रेरित किया गया। 19 अगस्त को प्राचार्या कार्यालय ने इसे अवैध और अनुशासनहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। प्राचार्या के अनुसार, एक सितंबर को सैन्य अधिकारियों का बोर्ड दोबारा नामांकन के लिए कॉलेज पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान एएनओ ने छात्राओं को प्राचार्या के खिलाफ भड़काकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया। प्राचार्या ने कहा कि छात्राएं निर्दोष हैं और उन्हें प्रशासनिक व विधिक स्तर पर गुमराह किया गया। कॉलेज प्रशासन उनके भविष्य की रक्षा करेगा।

# चंदौसी बार भंग, एल्डर कमेटी कराएगी आगामी चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी बार एसोसिएशन की सभा में शामिल एल्डर कमेटी व अधिवक्ता।

- बार एसोसिएशन ने रखा आय व्यय का ब्यौरा

**चंदौसी।** चन्दौसी बार एसोसिएशन की एक सभा सम्पन्न हुई जिसमें कार्यकारिणी का 1 वर्ष पूर्ण होने पर चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव द्वारा आय व्यय का ब्यौरा दिया गया जिसमें बताया गया था कि आय के सभी मदो से धन एकत्र होने के बाद बार फण्ड में लगभग 35 लाख 60 हजार रुपये प्राप्त हुये।

जिसमें से 20 लाख रुपये इन्फ्रस्ट्रक्चर में तथा 2 लाख रुपये अधिवक्ताओं की आर्थिक सहायता में व 1 लाख 80 हजार रुपये बार की डायरी वितरण में तथा कर्मचारियों के वेतन में व समारोह के खर्चे होने के बाद बार फण्ड लगभग 4 लाख 50 हजार की धनराशि शेष है तथा 3 लाख 50 हजार रुपये की एफडी इसी वर्ष परिपक्व हो रही है। बार अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बाकी शेष कार्य आम सहमति व एल्डर कमेटी की सहमति से किये जायेगें। साथ ही बार भंग की भी घोषणा की गयी। अधिवक्ताओं ने अपने सम्बोधन में अध्यक्ष व सचिव एवं पूरी कार्यकारिणी द्वारा साल भर किये गये ऐतिहासिक कार्य की प्रशंसा की तथा भविष्य में निर्वाचित होने वाली कार्यकारिणी से भी ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य की अपेक्षा की गयी। अध्यक्ष व सचिव द्वारा एल्डर कमेटी के चैयरमेन अनिल कुमार गुप्ता, सदस्यगण शकील अहमद वारसी, मौ. सगीर सैफी, राजबहादुर, लोकेन्द्र शर्मा से आगामी चुनाव को सम्पन्न कराने को अनुरोध किया गया तथा आशा व्यक्त की कि पूर्व की भांति एल्डर कमेटी निष्पक्ष व समय से चुनाव सम्पन्न करायेगी। सभा की अध्यक्षता जेएन मिश्रा ने की। सभा में सचिव तीरथ राज यादव, श्रीगोपाल शर्मा, राजेश सिंह, विष्णु मिश्रा, सुरेश चन्द्र सिंह, सुभाष चन्द्र पुजारी, नितिन कुमार सिंह, नवनीत यादव, आशिक अख्तर, तौसिफ अहमद, राजीव शर्मा, हरवीर यादव, बाबूलाल सक्सैना, शमीम अहमद, जहांगीर, मलखान सिंह, इसरार खां, योगेश चौहान, मनोज गोयल, मनोज वार्ष्णेय, पवन राघव, लवकुश राघव,दीपक चौधरी, अनुराग सिंह, कविता चौहान, नीलम, किरन शर्मा, आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## पेरियार ललई सिंह यादव की जयंती मनाई

**चंदौसी।** सिद्धार्थ बौद्ध विहार कैथल गेट में सामाजिक न्याय के प्रणेता पेरियार ललई सिंह यादव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके हुई। उपस्थित वक्ताओं ने कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ उनके ऐतिहासिक संघर्ष को याद किया। उन्होंने 'सच्ची रामायण' का हिंदी अनुवाद किया, जिसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी और बड़ी जीत हासिल की। कांस्टेबल पद पर रहते हुए उन्होंने 'सिपाही की तबाही', 'शम्बूक वध' और 'एकलव्य' जैसे क्रांतिकारी नाटकों की रचना की थी। इस दौरान डॉ. हंसराज यादव, संगीता यादव, सुमित यादव, रामरूप बौद्ध, चंद्रभान मौर्य और पुष्पा बौद्ध सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# लोक अदालत प्रचार को बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बैठक में मौजूद रहे न्यायिक अधिकारी व जनपद स्तर के अधिकारी

**चंदौसी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को आयोजित की जाएगी इसके इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार सोमवार की शाम 4.30 बजे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदुषी सिंह के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत व अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में आये सभी विभागों के पदाधिकारियों के निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक उपयुक्त वाद चिन्हित कर समय से प्रस्तुत किए जाए तथा आमजन को लोक अदालत के लाभों से प्रति जागरूक किया जाए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार गुन्नौर रवि सोनकर, एआरटीओ सम्भल, अमिताभ चतुर्वेदी, एलडीएम सम्भल ललित विज राय, जनपद संभल की विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायत से अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार, तिलकराज, अमरेश तिवारी, सतेन्द्र प्रकार, राजेश कुमार एवं जनपद सम्भल की सभी बैंक शाखाओं से अजीत सिंह यादव, नीतेश गर्ग, आशुतोष रावत, शुभम प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।



## गीता सार

असंयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मतिः।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायतः॥

**भावार्थ :** जिस मनुष्य द्वारा मन को वश में नही किया गया है, ऐसे मनुष्य के लिये परमात्मा की प्राप्ति (योग) असंभव है लेकिन मन को वश में करने वाले प्रयत्नशील मनुष्य के लिये परमात्मा की प्राप्ति (योग) सहज होता है – ऐसा मेरा विचार है।

# कूटनीति की करवट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों ने जितनी भारत में सुर्खियां बटोरी हैं, उससे कम ग्लोबल हेडलाइन में नहीं रही हैं। जो अमेरिका कभी प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को लेकर काफी कुछ लिखता था, अब उसने पीएम मोदी की इसी कूटनीति की तारीफों में कसीदे पढ़ने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक लेख में वैश्विक अनिश्चितताओं और बदलते ग्लोबल समीकरणों के बीच पिछले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर के देशों में हुए दौरों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में लिखा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत



पर भारी भरकम टैरिफ लगाए जाने और रूसी तेल खरीद को लेकर सजा दिए जाने के बाद से भारत की विदेश नीति में एक बड़ा बदलाव आया है। अमेरिका के साथ रिश्तों में आई खटास और ईरान युद्ध की वजह से ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराते संकट ने भारत की कूटनीति को अलग आयाम दिया है। भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और वैश्विक झटकों से बचाने के लिए बहुपक्षीय और लक्षित कूटनीति का रास्ता चुना है। अब वो किसी एक देश पर निर्भर नहीं है बल्कि अलग-अलग देशों से व्यापारिक संबंध बढ़ा रहा है। अगस्त 2025 से लेकर अब तक मोदी ने कम से कम 20 देशों की आधिकारिक यात्राएं कीं हैं। ये दौरे एकतरफा नहीं रहे हैं, 13 देशों के शीर्ष नेता खुद भारत आ चुके हैं। दिलचस्प ये है कि ये यात्राएं पारंपरिक मेल-मिलाप से हटकर पूरी तरह व्यावहारिक और व्यापारिक वार्ताओं पर केंद्रित रही हैं, जहां दोनों पक्ष ठोस समझौतों पर मुहर लगा रहे हैं। पीएम का उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान का हालिया दौरा इसी रणनीति का हिस्सा है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ ऊर्जा-रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा होगी। न यात्राओं के जरिए भारत ने कई बड़े कूटनीतिक और आर्थिक लाभ हासिल किए हैं। जर्मनी से पनडुब्बी तकनीक, फ्रांस से एआई, सुशासन और छात्रों के लिए वीजा समझौते तथा यूनाइटेड किंगडम से लोकप्रिय स्कॉच व्हिस्की पर सस्ते आयात शुल्क जैसे कई अहम सौदे हुए हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ के साथ एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसे यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने यानि मदर ऑफ ऑल डील्स करार दिया है। दो दशक से अटके इस व्यापार समझौते के तहत भारत ने यूरोपीय कारों और वाइन पर अपने टैरिफ में कटौती करने जैसे बड़े आर्थिक रियायतें दी हैं, जो देश की पुरानी कंजरवेटिव पॉलिसी से काफी अलग है। भारत की इस नई कूटनीति के केंद्र में कुछ चुनिंदा प्राथमिकताएं हैं-रक्षा तकनीक, क्षेत्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आयात, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और युवाओं के लिए विदेशों में पढ़ाई व रोजगार के अवसर।

## बाइस हजार करोड़ रुपए का कर्ज घोटाला

# समझो तो खौफ, न समझो तो दहशत...!!



**लोकमित्र गौतम**

> जी–मीडिया समूह के मालिक सुभाष चंद्रा पर 22,006.57 करोड़ रुपए के कर्ज को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) द्वारा महज 6.25 करोड़ रुपए में समायोजित किए जाने की जो घोटाले के माफिक सुर्खियां इन दिनों मीडिया में छायी हुई हैं और जिससे इंकार करते हुए सुभाष चंद्रा ने देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी पर उन्हें सार्वजनिक रूप से बदनाम करने का न सिर्फ आरोप लगाया है बल्कि चंद्रा ने धमकी भी दी है कि अगर उनके स्वामित्व वाले टीवी चैनलों द्वारा उन पर (सुभाष चंद्रा पर) कीचड़ उछालना बंद न किया, तो उनका तो कुछ नहीं बिगड़ेगा, क्योंकि उनके पास अब खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन वह मुकेश अंबानी को कहीं का नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि उनकी अलमारी में उनके (मुकेश अंबानी के) गुनाहों के कई कंकाल कैद हैं।

इमेज

दरअसल यह सारा मामला उद्योगपतियों द्वारा कर्ज लेकर उसे लौटाने की जगह समायोजित कराए जाने की साजिश का एक ऐसा जलेबी जाल है, जो अगर समझ में आ गया तो इसके लिए इस्तेमाल किए गए तिकड़म से आप खौफ से भर जाएंगे और अगर नहीं समझ में आया, तब तो दहशत हर तरफ व्याप्त है ही। वास्तव में यह बेहद करीने से बुना ऐसा षड़यंत्र है, जो पहली नजर में षड़यंत्र की जगह कर्ज प्रावधानों में मौजूद 'लूप होल्स' जैसा लगता है। लेकिन अगर गहराई से देखें तो यह चोर दरवाजा पूरी तिकड़म और साजिश से तैयार किया गया है। आइये पहले पूरे मामले को जान लेते हैं। एस्सेल ग्रुप और जी-मीडिया समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा द्वारा व्यक्तिगत रूप से 22,000 करोड़ का कर्ज नहीं लिया गया बल्कि एस्सेल ग्रुप की कंपनियों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों सहित कई ऋणदाताओं से लिए गए ऋण को जब ये नहीं चुका पाईं और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने इस कर्ज के मुख्य गारंटर सुभाष चंद्रा को पुनर्भुगतान के रूप में महज 6.25 करोड़ में एडजेस्ट कर दिया, तब लेनदारों की तरफ से यह आंकड़ा आया है कि वास्तव में लेनदारी तो 22,006.57 करोड़ बनती है और जो पुनर्भुगतान योजना के तहत भुगतान राशि तय की गई है वह महज .003 प्रतिशत है यानी पूरी चुकता की जाने वाली रकम में 99.97 फीसदी का हेयरकट किया गया है। वास्तव में इसी के बाद मीडिया में यह सारा मामला एक सनसनीखेज घोटाले के रूप में सामने आया। सवाल है कि अगर लेनदारों का यह आरोप है तो फिर एनसीएलटी ने आखिर 6.25 करोड़ की पुनर्भुगतान योजना कैसे मंजूर की? यह तो कुल देनदारी की .003 प्रतिशत ही बनती है और इतनी कम धनराशि से एडजेस्टमेंट की कोई तुक ही नहीं है। क्योंकि यह तो भुगतान की एक फीसदी राशि भी नहीं है। लेकिन सवाल ये है कि अगर लेनदारों का आंकड़ा सच है, तो आखिर एनसीएलटी ने यह योजना मंजूर कैसे कर ली? इस मंजूरी का गणित यह है कि किसी रि-पेंमेंट प्लान को क्रेडिटर्स की जो समिति मंजूरी देती है, उस समिति में



77.48 प्रतिशत वोट इस प्लान की मंजूरी के पक्ष में आए और महज 18.42 प्रतिशत वोट इस मंजूरी के विरुद्ध पड़े, जबकि 4.10 फीसदी लेनदारों ने इस मामले में वोट नहीं दिया, वह पूरी वोट प्रक्रिया से बाहर रहे। इस तरह देखा जाए तो वास्तव में इस भारी भरकम राशि के बदले में जो सुषाभ चंद्रा को गारंटर के रूप में 6.25 करोड़ और एस्सेल ग्रुप की मूल कंपनियों को 1494 करोड़ के जिस पुनर्भुगतान को मंजूरी दी गई है, उसके पीछे का सारा खेल इस योजना को मंजूरी देने वाली समिति का खेल है। अब सवाल है ये समिति कौन है? जब एनसीएलटी पर यह आरोप लगाए गए कि वह आखिर किसी देनदार को इतनी छूट कैसे दे सकती है, तो उसका तर्क था कि अदालत क्रेडिट्र्स की कॉमर्शियल विजडम की जगह अपना फैसला नहीं सुना सकती और क्रेडिट्र्स को लगता है कि चंद्रा की व्यक्तिगत संपत्ति से बैंक्रैप्सी की स्थिति में मिलने वाली रकम प्रस्तातिव योजना से भी कम होगी। इसलिए उपलब्ध रकम स्वीकार करने में ही भलाई है। लेकिन इस पूरे खेल का या साजिश के इस पूरे जलेबी जाल का सबसे पेचीदा हिस्सा ये है कि जिन लेनदारों से बहुमत से आखिर इस पुनर्भुगतान योजना को सहमति दी वो कौन और अगर देखा जाए तो विवाद की असली धुरी यही है? वास्तव में ये पांच लेनदार जिन्होंने सुभाष चंद्रा को सिर्फ 6.25 करोड़ की देनदारी को मंजूरी दी, वे हैं- वीना इंवेस्टमेंट, डायरेक्ट मीडिया डिस्ट्रीब्यूशन वेंचर्स, वर्ल्ड क्रेस्ट एडवाइजर्स, लेमोनडे कैप्टिल एडवाजइर्स और क्रॉप्स सेल कैप्टिल एडवाइजर्स इन पांच के पास मिलकर 61.71 प्रतिशत का वोटिंग शेयर बनता है और यही चाहते थे कि सुभाष चंद्रा को सिर्फ 6.25 करोड़ की पुनर्भुगतान पर छोड़ दिया जाए। इन पांचों में वर्ल्ड क्रेस्ट के पास अकेले 28.49 प्रतिशत का वोट शेयर था, जबकि लेमोनडे के पास 16.85 प्रतिशत के शेयर थे। अब सवाल है इन पांचों ने आखिर सुभाष चंद्रा को इतनी बड़ी छूट के पक्ष में क्यों थे? क्योंकि वास्तव में इन सबका एस्सेल ग्रुप से ही संबंध है। वीना इन्वेस्टमेंट की चेयरमैन सुशीला देवी गोयल हैं, जो कि उनके भाई जवाहर गोयल की पत्नी और उनकी भाभी हैं। इस तरह ये पांचों लेनदार चंद्रा से एसोसिएट या रिलेटिड हैं। इसलिए जब बाकी लेनदारों एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, कैनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक आदि ने विरोध किया कि इनके वोट शेयर को न माना जाए, तो एनसीएलटी का कहना था कि उपलब्ध सामग्री के आधार पर इन लेनदारों की चंद्रा के साथ साझेदारी साबित नहीं होती और जिसके आधार पर उन्हें मतदान से बाहर नहीं किया जा सकता यानी अदालत ने इस बात को माना कि चंद्रा के बीच कोई संपर्क नहीं था और उसका फैसला सही था। जिन लेनदारों ने उनका विरोध किया है, उनके पास 18 फीसदी ही मत है, जिससे लगता नहीं कि इस मामले को वह दूसरी अदालत में भी वापस करा सकेंगे। इस तरह देखा जाए तो इस पूरे मामले में असली परीक्षा नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की है। हालांकि सवाल और भी हैं कि आखिर किसने यह तय किया कि सुभाष चंद्रा के पास मौजूद कुल संपत्ति 6 करोड़ से भी कम ही है? अब असली सवाल ये है कि क्या यह जो तथाकथित 22,006 करोड़ का घोटाला है, वह आम जनता की जेब से जाएगा? अंततः इस घोटाले की कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ेगी।



## श्रीरामचरितमानस

कहेहु नीक मोरेहूं मन भावा।
यह अनुचित नहिं नेवत पठावा॥
दच्छ सकल निज सुता बोलाईं।
हमरें बयर तुम्हउ बिसराईं॥1॥

**भावार्थ :** शिवजी ने कहा– तुमने बात तो अच्छी कही, यह मेरे मन को भी पसंद आई पर उन्होंने न्योता नहीं भेजा, यह अनुचित है। दक्ष ने अपनी सब लड़कियों को बुलाया है, किन्तु हमारे बैर के कारण उन्होंने तुमको भी भुला दिया॥

## चिंतक आईएस जौहर

# किसी ने गंभीरता से नहीं लिया

**कैलाश सिंह**

व्यंग्यकार, एक्टर, निर्देशक इंद्र सेन जौहर, जो आईएस जौहर के नाम से अधिक विख्यात हैं, को पसंद था कि लोगों को शॉक किया जाए। वह यह दिखाना चाहते थे कि वह जो कुछ भी करते हैं सिर्फ पब्लिसिटी के लिए करते हैं। इसलिए उन्होंने पांच शादियां कीं। '5 राइफल्स' जैसी फिल्में बनाईं, जिनमें राजेश खन्ना, शशि कपूर आदि एक्टर्स के डुप्लीकेटों को राकेश खन्ना, शशि कपूर आदि नामों से पर्दे पर उतारा। मजे की बात यह है कि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई भी की। लेकिन तथ्य यह है कि अपने इस दिखावटी मौखटे के पीछे जौहर विचारक, चिंतक व दार्शनिक थे।



जौहर ने अपना करियर बतौर निर्देशक फिल्म 'श्रीमतीजी' (1952) से किया था। यह कॉमेडी फिल्म अपने समय से बहुत आगे की थी, जिसमें सिंगल गर्ल श्यामा मर्दों की अनचाही नजरों से बचने का प्रयास करती हैं। श्यामा के सपनों के राजकुमार की भूमिका में दिलीप कुमार के भाई नासिर खान थे। जौहर की दूसरी फिल्म 'नास्तिक' (1954) देश विभाजन के बाद की स्थितियों पर आधारित थी, जिसमें विभाजन की त्रासदी देखने के बाद अजित ईश्वर में विश्वास करना बंद कर देते हैं और नास्तिक बन जाते हैं। यह फिल्म विभाजनकारी राजनीति पर सोचने के लिए मजबूर करती है। फिल्म में सी रामचंद्र का बहुत प्रभावी संगीत था और इसके भजन 'तेरे फूलों से भी प्यार, तेरे काटों से भी प्यार' को लता मंगेशकर अपने सर्वश्रेष्ठ गीतों में शामिल करती थीं। फिल्म 'नास्तिक' एक तरह से जौहर के अपने अनुभवों पर आधारित थी। अर्थशास्त्र व राजनीतिशास्त्र में एमए और एलएलबी करने वाले जौहर का जन्म झेलम जिले के तालागंज में 16 फरवरी 1920 को हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। अगस्त 1947 में वह अपने परिवार के साथ पटियाला में एक शादी में थे कि लाहौर में दंगे भड़क गये, शाह आलमी बाज़ार पूरी तरह से जलकर राख हो गया। जौहर फिर कभी लाहौर नहीं लौटे। वह जालंधर में काम करने लगे और उनका परिवार दिल्ली में रहने लगा। इसके बाद वह बॉम्बे शिफ्ट हो गए, जहां बतौर एक्टर उनकी पहली फिल्म 'एक थी लड़की' (1949) थी, जोकि कॉमेडी एक्शन फिल्म थी। इससे पहले जौहर ने 1943 में लाहौर में रममा हून से शादी की थी, जिनसे उनके दो बच्चे हुए बेटा अनिल व बेटी नीलम।

## तिथि विशेष

# विश्व पत्र दिवस

हर वर्ष 1 सितंबर को विश्व पत्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन हाथ से पत्र लिखने की खूबसूरत परंपरा को याद करने और उसके महत्व को समझने का अवसर देता है। आज के डिजिटल दौर में संदेश भेजने के लिए मोबाइ ल फोन, सोशल मीडिया और ई-मेल जैसे माध्यमों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है, लेकिन हाथ से



लिखे पत्र की भावनात्मक ग र्मा हट आज भी अलग पहचान रखती है। पत्र केवल शब्दों का माध्यम नहीं होता, बल्कि यह भावनाओं, यादों और रिश्तों को संजोकर रखने वाला दस्तावेज भी होता है। किसी प्रिय व्यक्ति के हाथ से लिखा हुआ पत्र वर्षों बाद भी पढ़ने पर उस समय की भावनाएं और यादें ताजा कर देता है। पत्र में लिखावट, शब्दों का चयन और कागज से जुड़ी स्मृतियां उसे डिजिटल संदेशों से अलग बनाती हैं। पुराने समय में पत्र ही दूर बैठे लोगों से संवाद का प्रमुख साधन हुआ करते थे। सैनिक सीमा से अपने परिवार को पत्र लिखते थे, विद्यार्थी अपने माता-पिता को कुशलक्षेम बताते थे और रिश्तेदार एक-दूसरे तक अपनी भावनाएं पहुंचाते थे। प्रेम-पत्रों से लेकर स्वतंत्रता सेनानियों के ऐतिहासिक पत्रों तक, पत्रों ने समाज और इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज तकनीक ने संचार को बेहद आसान और तेज बना दिया है। कुछ ही सेकंड में दुनिया के किसी भी कोने में संदेश पहुंच जाता है। इसके बावजूद पत्र लेखन का महत्व पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। यह व्यक्ति को अपने विचारों को धैर्यपूर्वक शब्दों में ढालने का अवसर देता है। हाथ से लिखना एकाग्रता बढ़ाने और भावनाओं को गहराई से व्यक्त करने में भी सहायक हो सकता है। विश्व पत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि संवाद केवल तेजी से संदेश पहुंचाने का नाम नहीं है, बल्कि उसमें भावनाओं और अपनत्व का होना भी जरूरी है।

## हमारा अपना शहर पीलीभीत विकास की गंगा से कोसों दूर

# ट्रिपल इंजन की सरकार में स्मार्ट सिटी की घोषणा सिर्फ आई टी सैल और नेताओं के भाषणों तथा कागजों तक ही सीमित रही



**हरिओम बाजपेई- नादान**

शहर में गड्ढे में सड़क है या फिर सड़क पर गड्ढे पता ही नहीं चलता नई सड़क बनाई जा रही लेकिन पुरानी सड़के बद से बेहाल पड़ी है।उन्हे कोई देखने वाला तक नहीं की जनता किस हाल में जी रही है चुनावी सफर में फिर से एक बार नई घोषणा तैयार करने में हमारे समाजसेवी नेता लोग लगे हुए हैं कि इस बार जनता के बीच जाने पर हमें उन्हें किस ख्वाबों को दिखाना होगा। वर्तमान समय में गौहिनिया चौराहे से थाना सुनगढ़ी वही शहर के स्टेशन चौराहे से कोतवाली तक तथा नई बस्ती चौराहे से लेखराज चौराहे तक और लेखराज चौराहे से होली चौराहे तक गैस चौराहे से नकटा दाना चौराहा तकआंख खोल कर भी सफर करना मुश्किल है यह समझ में नहीं आता की सड़क पर गड्ढा है या फिर गड्ढे में सड़क है नेताजी मस्त और जनता त्रस्त कहने को तो जिला मुख्यालय है परंतु मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर इससे तो कहीं अच्छी कस्बो की सड़क होती है। बात करें शहर की विद्युत लाइन झज्जर अवस्था में है और सड़क पर लाइने झूल रही है वहीं खंबे भी गले हुए खड़े हुए हैं किसी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन नेताजी को फुर्सत ही नहीं की शहर की दुर्दशा देखने के लिए। क्योंकि नेताजी आईटी सेल भाषणो मैं स्मार्ट सिटी घोषित कर चुके हैं। नेताजी को पाच साल में एक दिन भी फुर्सत नहीं मिली की चलो आज शहर का भ्रमण करते हुए स्थिति का जायजा लिया जाए। और इस भ्रमण के दौरान समस्त अधिकारियों को साथ रखा जाए जिससे शहर के लोगों को समस्याओं से निजात दिलाई जा सके। हमारी ट्रैफिक पुलिस उसका तो कहना ही क्या सुबह से शाम तक एक सूत्रीय मिशन चलन करना और अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना शहर की यातायात व्यवस्था से उसे कोई ताल्लुक नहीं है।

शहर में व्यापारियों ने फुटपाथ को अपने कब्जे में कर लिया सड़कों पर पार्किंग मोटरसाइकिल कर दिनभर खड़ी रहती है आए दिन गैस चौराहे से थाना सुनगढ़ी तक जाम की स्थिति बनी रहती है। क्योंकि फुटपाथ पर दोनों तरफ दुकान और दुकानों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में यातायात व्यवस्था को चौपट कर दिया है। क्योंकि नगर पालिका प्रशासन स्वयं में मजबूर है क्योंकि उसने स्वयं अपने कार्यालय के गेट पर की संख्या में फुटपाथ जो अभी लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया उसे पर दुकान लगी हुई है उसे मिली जानकारी के अनुसार उन दुकानदारों से 10 और 20 रुपए प्रतिदिन दिए जाते हैं जब ज्यादा समय हो जाता है तो शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला दिया जाता है ताकि जनता को महसूस हो कि प्रशासन अपना काम स्मार्ट सिटी बनाने का कर रहा है। लेकिन यह पब्लिक है सब जानती है इस बार नेता जी को जनता अच्छी तरीके से समझ चुकी है औरअंदर ही अंदर बोट के अधिकार की चोट देने को तैयार बैठी है।

## वायरल

# धरती का सबसे खतरनाक सर्वाइवर

अगर हम आपसे कहूं कि धरती पर एक ऐसा जीव मौजूद है जिसके लिए सांस लेने और खाने के आम नियम लागू ही नहीं होते, तो शायद आपको यकीन न होगा। बिच्छू कोई मामूली कीड़ा नहीं, बल्कि कुदरत का एक ऐसा पुराना सर्वाइवर है जो डायनासोर के धरती



पर आने से भी करोड़ों साल पहले से यहां मौजूद है। बिच्छू को गहरे पानी में डालने पर वो तुरंत डूबकर मरता नहीं। उसके शरीर पर बेहद छोटे-छोटे सांस लेने वाले छिद्र होते हैं, और मुश्किल हालात में ये उन्हें पूरी तरह बंद कर सकता है। बिच्छू पानी के अंदर लगातार छह दिनों तक बिना सांस लिए भी जिंदा रह सकता है। बिच्छू के जब हालात मुश्किल हो जाएं और खाना न मिले, तो ये अपनी मेटाबॉलिज्म की रफ्तार को इतना धीमा कर लेता है कि शरीर की ऊर्जा खर्च होना लगभग रुक ही जाती है। यानी शरीर एक तरह से 'पावर सेविंग मोड' में चला जाता है। इसी अनोखी काबिलियत की बदौलत एक बिच्छू सिर्फ एक बार का शिकार करके पूरे एक साल तक बिना कुछ खाए आराम से जिंदा रह सकता है।




## X का एक्सरे

> हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के साथ हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। एक करीबी मित्र और साझेदार तथा 'सुख-दुख के साथी' के रूप में भारत हमेशा नेपाल के साथ खड़ा रहा है।



**राजनाथ सिंह**

> अंकित बालियान एक कलाकार था और उसकी सुनियोजित तरीके से हत्या की गई। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस हत्याकांड की जांच में जुटी है। कानून व्यवस्था तभी कायम रह सकती है, जब लोगों का व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।



**चौधरी जयंत सिंह**

> पश्चिम एशिया का संकट, समुद्री मार्गों पर खतरे और क्षेत्र में बढ़ता सैन्यीकरण भारत को नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं। आईएनएस निपुण के नौसेना में शामिल होने से गहरे समुद्र में गोताखोरी, पनडुब्बी बचाव और मानवीय सहायता अभियानों की क्षमता मजबूत होगी।



**कृष्ण स्वामीनाथन**

> भारत ने वैश्विक घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखने के साथ-साथ अपनी घरेलू आवश्यकताओं को केंद्र में रखा। इसी का परिणाम है कि दुनिया भर के संकटों के बावजूद भारतीय किसान, घरेलू परिवार और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित रहे हैं।



**निर्मला सीतारमण**



# यूपी भाजपा चलाएगी सेवा संकल्प अभियान



**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी। अभियान की रूपरेखा सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश कार्यशाला में प्रस्तुत की गई। इस दौरान पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर परिवार में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़ी सफलता की कहानी देखने को मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अभियान के तहत पूरे महीने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान प्रदेश के सभी 1.77 लाख बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर जाकर दीया जलाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर शक्ति केंद्र, बूथ और क्षेत्र में दर्जनों सफल कहानियां मौजूद हैं। कार्यकर्ताओं को युवाओं के बीच जाकर यह बताना चाहिए कि वर्ष 2014 से पहले देश और वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति कैसी थी और आज उसमें कितना बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के एक लाभार्थी का उदाहरण देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले ढाई लाख रुपये से उसने अपना घर बनाया। वहीं, मकान निर्माण के लिए बचाए गए करीब एक लाख रुपये से ई-रिक्शा खरीदकर अपनी आय का साधन भी तैयार किया। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रही हैं।

## एक नजर

### 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में 19 साल का युवक गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पुलिस ने 16 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि रविवार को इटौंजा थाने में दर्ज कराई गई एक शिकायत में 16 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) (दुष्कर्म) और धारा 333 (गलत इरादे से घर में घुसना) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता का तत्काल बयान दर्ज कर उसकी चिकित्सकीय जांच कराई गई।

## आउटसोर्स कर्मचारियों का इंतजार खत्म होने के आसार

### आज पोर्टल और लोगो लॉन्च करेंगे सीएम योगी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों और निगमों में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों का करीब एक वर्ष से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने के आसार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का पोर्टल और लोगो लॉन्च करेंगे। इस दौरान आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित बढ़े हुए मानदेय की घोषणा भी किए जाने की संभावना है। लोकभवन में बुधवार सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा। जिलों में तैनात आउटसोर्स कार्मिक भी इस आयोजन से जुड़ेंगे। आउटसोर्स सेवा निगम की प्रबंध निदेशक अमृता सोनी ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर जिलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। सरकार की इस पहल से लंबे समय से मानदेय और सेवा संबंधी व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे आउटसोर्स कार्मिकों को राहत मिलने की संभावना है। पोर्टल के जरिए आउटसोर्स कर्मचारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में भी कदम उठाया जाएगा।

## नेपाल बाढ़ में अब तक 939 लोगों की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी है। आपदा में अब तक 939 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4000 से अधिक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव दल लगातार अभियान चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने के बाद भोटेकोशी नदी में अचानक पानी और मलबे का तेज बहाव आ गया। इसके चलते नेपाल के रसुवा जिले सहित निचले इलाकों में भीषण बाढ़ आ गई। देखते ही देखते कई क्षेत्रों में पानी और मलबा भर गया, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 939 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, हजारों लोगों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।

## हॉट कुक्ड मील योजना से बदल रही आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण मुक्त भविष्य की दिशा में योगी सरकार की 'हॉट कुक्ड मील' योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 'सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0' अभियान के तहत प्रदेश के करीब 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष की आयु के 32.88 लाख से अधिक बच्चों को प्रतिदिन ताजा, गर्म और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही पौष्टिक आहार की आदत डालने के साथ उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार करना है।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बच्चों के लिए साप्ताहिक मेन्यू में भोजन की विविधता और पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखा गया है। मेन्यू में रोटी, चावल, दाल और मौसमी हरी सब्जियों से तैयार तहरी जैसे व्यंजन शामिल हैं। भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्यान्न की जांच के साथ सब्जियों को पकाने से पहले अच्छी तरह धोने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों को भोजन परोसने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच भी अनिवार्य की गई है। रोजाना दो वयस्क, जैसे शिक्षक, रसोइया या माता समिति के सदस्य, भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए प्रतिदिन 70 ग्राम खाद्यान्न से तैयार पोषाहार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अपर मुख्य सचिव (महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग) लीना जौहरी के अनुसार, 1.45 लाख को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में पीएम पोषण योजना की रसोइयों का उपयोग किया जा रहा है।

## मानकनगर में महिला का शव मिला

**लखनऊ (एजेंसी)।** मानकनगर में सोमवार सुबह डीआरएम पुलिया के पास सड़क किनारे करीब 30 वर्षीय महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे और गले पर कसाव के निशान मिले हैं। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। सुबह करीब नौ बजे राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। महिला ने लाल छींटदार साड़ी पहन रखी थी और हाथों में हरी-लाल चूड़ियां थीं। देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## लखनऊ समेत यूपी के 25 जिलों में होगी भारी बारिश

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी में पिछले तीन-चार दिनों से मानसून कमजोर पड़ा हुआ है, लेकिन सितंबर के पहले सप्ताह में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने एक से तीन सितंबर तक लखनऊ, सुल्तानपुर समेत पूर्वी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को बांदा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और संभल समेत आसपास के जिलों में भारी बारिश के पूर्वानुमान हैं। गुरुवार तक इन क्षेत्रों में अच्छी बारिश के संकेत हैं। वहीं शुक्रवार रात या शनिवार से मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है और मानसूनी सक्रियता में कमी आने की संभावना है। सोमवार को प्रदेश में कई स्थानों पर जोरदार बारिश दर्ज की गई। मुरादाबाद में सर्वाधिक 149 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि प्रयागराज में 132 और चित्रकूट में 67 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने लोगों से बारिश और आकाशीय बिजली के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

## जिताऊ-टिकाऊ को ही टिकटः मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संगठन को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। पार्टी सुप्रीमो मायावती ने संगठन की बैठक में बदलते राजनीतिक हालात के बीच तेज और प्रभावी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विरोधियों के साम, दाम, दंड, भेद जैसे हथकंडों का मुकाबला कर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाई जाएगी। मायावती ने प्रत्याशी चयन को लेकर फीडबैक लिया और कहा कि पार्टी जिताऊ के साथ टिकाऊ उम्मीदवारों को ही टिकट देगी। उन्होंने भाजपा और सपा समेत अन्य दलों के चुनावी वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लुभावनी घोषणाओं के बाद वादाखिलाफी से जनता परेशान है।

## लखनऊ में कमर्शियल गैस महंगी, बढ़ेगी लागत

**लखनऊ (एजेंसी)।** महीने के पहले दिन आम लोगों और कारोबारियों को रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का सामना करना पड़ा है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर के दाम में 9.50 रुपये की बढ़ोतरी की है। नई दरें मंगलवार से प्रभावी हो गई हैं। एलपीजी स्टेट हेड राजेश कुमार के अनुसार, लखनऊ में भी 19 किलो का कमर्शियल सिलिंडर अब 9.50 रुपये महंगा हो गया है। कीमतों में इस बढ़ोतरी का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मिठाई की दुकानों और खानपान से जुड़े अन्य कारोबारियों पर पड़ने की संभावना है। कारोबारियों का कहना है कि पहले से ही कच्चे माल, बिजली, कर्मचारियों और अन्य परिचालन खर्चों में बढ़ोतरी का दबाव बना हुआ है। ऐसे में कमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमत बढ़ने से कारोबार की लागत और बढ़ जाएगी। खासकर छोटे कारोबारियों के लिए इसका असर अधिक महसूस किया जा सकता है। व्यवसायियों के मुताबिक, गैस की बढ़ी कीमत का बोझ लंबे समय तक रहने पर इसकी भरपाई के लिए खाद्य पदार्थों और तैयार भोजन की कीमतों में भी बदलाव करना पड़ सकता है। इससे बाहर खाना-पीना आम लोगों की जेब पर भी अतिरिक्त भार डाल सकता है। कमर्शियल एलपीजी की कीमत में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जब खानपान से जुड़े कारोबार पहले से ही बढ़ती लागत और प्रतिस्पर्धा के बीच काम कर रहे हैं। अब कारोबारियों की नजर आने वाले महीनों में गैस की कीमतों में होने वाले संभावित बदलाव पर रहेगी।

## जलभराव से प्रभावित 17 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

### फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की मदद से श्रीलंका टापू से 70 लोगों का रेस्क्यू

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये जा रहे बाढ़ पीड़ित। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** ग्राम बनगवां के श्रीलंका टापू क्षेत्र में जलभराव के चलते 17 परिवार प्रभावित हो गए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की सहायता से प्रभावित परिवारों के करीब 70 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू किए गए लोगों को राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन, रघुलिया में ठहराया गया है। प्रभावित लोगों के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग से समन्वय कर भोजन की व्यवस्था भी कराई गई है। प्रशासन के अनुसार जलभराव की स्थिति के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि या अन्य जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। क्षेत्र में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और संबंधित टीमें निगरानी कर रही हैं। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने की अपील की है।

## राहुल गांधी पर एफआईआर अखिलेश ने की कड़ी निंदा

**लखनऊ।** उत्तराखंड में कथित शुद्धिकरण का मामला उठाने को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने भाजपा पर दलित विरोधी सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की हार अब तय है। मामला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक कार्यक्रम के बाद संबंधित स्थल पर कथित रूप से शुद्धिकरण किए जाने के आरोपों से जुड़ा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद उत्तराखंड में राहुल गांधी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी गई। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन है। सोमवार को सपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान इस संबंध में सवाल पूछे जाने पर अखिलेश यादव ने कहा, "हम तो खुद पीड़ित हैं।" इसके बाद रात में अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा की दलित विरोधी सोच ही उत्तराखंड में मंच धुलवाती है और नेता प्रतिपक्ष पर एफआईआर करवाती है। उन्होंने इसे घोर निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी हार के पराजय-पत्र पर खुद ही दस्तखत कर दिए हैं। अखिलेश के बयान के बाद यह मुद्दा राजनीतिक रूप से और गरमा गया है।

## ग्राम प्रधान के अनुरोध के बावजूद जर्जर पंचायत भवन का नहीं हो सका ध्वस्तीकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय



वर्ष 2001 में बने ग्राम देवरी का जर्जर पंचायत भवन। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** ग्राम पंचायत देवरी में वर्ष 2001 में बना पंचायत भवन वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। ग्राम प्रधान भागीरथ सिंह राणा ने आए दिन यहां होने वाली बैठकें व अन्य कार्यक्रम करने वाले ग्रामीण जनप्रतिनिधियों तथा आम जनता को पंचायत घर के जर्जर होने की स्थिति से अवगत कराया है। ग्राम प्रधान राणा ने कहा है कि पंचायत घर कभी भी किसी भी समय गिर सकता है। पंचायत घर के इस्तेमाल तथा इसके आसपास आने से दूरी बनाए रखें। ग्राम प्रधान देवरी राणा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 28 फरवरी 2026 को एक पत्र भेजकर ग्राम सभा के पंचायत भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए इसके दोस्तीकरण की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री के दिवस अधिकारी अनुभाग 2 से सचिव पंचायती राज को निर्देशित किया गया था कि इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी उधम सिंह नगर द्वारा 1 अगस्त 2026 को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खटीमा से नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। लेकिन अभी तक पंचायत भवन की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्राम प्रधान भागीरथ सिंह राणा ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता को सूचित किया है।

**सौगात** मुख्यमंत्री धामी ने की खटीमा में सर्किट हाउस, स्टेडियम और वेंडिंग जोन सहित 6 बड़ी घोषणाएं

## मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा में 'नगर वन ऑक्सीजन पार्क' का किया लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय




खटीमा में ऑक्सीजन पार्क का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



ऑक्सीजन पार्क में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर वन ऑक्सीजन पार्क का विधिवत लोकार्पण किया। इसी दौरान उन्होंने 06 घोषणाएँ की। जिसमें सिटी पार्क का विस्तारीकरण, पार्क में वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय शिफ्ट करने, खटीमा में स्टेडियम बनाने, क्रिया शाला निर्माण, खटीमा में सर्किट हाउस बनाने तथा वेंडिंग जोन बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑक्सीजन पार्क परिसर में पौध रोपण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क का निरीक्षण किया और ओपन जिम का ट्रायल भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मंगलवार को 'नगर वन ऑक्सीजन पार्क' का लोकार्पण किया तथा व्यास वैली, पंचाचूली और आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर खटीमा की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर में आधुनिक सर्किट हाउस के निर्माण, वेंडिंग जोन बनाने की घोषणा की। उन्होंने ऑक्सीजन पार्क के विस्तारीकरण व आवश्यक संसाधनों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की। वैश्विक पर्यावरण चुनौतियों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दुनिया भर में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के दौर में हमारे हरे-भरे वनों का महत्व और अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण-यानी इकोलॉजी और इकोनॉमी-एक दूसरे के पूरक हैं। इसकी मजबूती के लिए काम करना ही हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए। सरकार इसी संतुलन को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सोलर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम कर रही है। कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शुमार है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सिटी पार्क का विस्तारीकरण के साथ ही जीर्ण जीर्णशीर्ण वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय को भी पार्क परिसर में बनाने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया तथा शहर में सुन्दर पार्क बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, दर्जा मंत्री मोहिनी पोखरिया, गम्भीर सिंह धामी, किशन सिंह किन्ना, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, नंदन सिंह खडायत, सतीश चंद्र भट्ट, रंजीत सिंह नामधारी, गुड्डू टम्टा, रंदीप पोखरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मनराल, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, वन संरक्षक नीतिशमणि त्रिपाठी, डीएफओ दीपक सिंह, यूसी तिवारी, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, एसडीओ फॉरेस्ट संचिता वर्मा, एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवान, रेंजर राजेंद्र सिंह मनराल आदि जनप्रतिनिधि, अधिकारी भारी संख्या संख्या में जनता मौजूद थी।

## पीईटी-2026 के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को राहत दी है। आयोग ने पंजीकरण, आवेदन शुल्क जमा करने और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि छह दिन बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी सात सितंबर तक आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तिथि एक सितंबर निर्धारित थी। आयोग की ओर से पीईटी-2026 का विज्ञापन एक अगस्त को जारी किया गया था, जबकि आवेदन प्रक्रिया तीन अगस्त से शुरू हुई थी। पहले पंजीकरण और आवेदन शुल्क जमा करने के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि एक सितंबर तय की गई थी। हालांकि, आयोग ने शुल्क समायोजन और आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथि में कोई बदलाव नहीं किया है। अभ्यर्थी आठ सितंबर तक शुल्क समायोजन के साथ अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने के अलावा विज्ञापन में निर्धारित अन्य नियम और शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आवेदन प्रक्रिया, शुल्क, पात्रता, चयन का आधार और अन्य आवश्यक निर्देश पूर्व में जारी विज्ञापन के अनुसार ही लागू रहेंगे। आयोग के इस निर्णय से उन अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर मिलेगा, जो निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे।

## एक नजर

### भारी वर्षा एवं जलभराव के कारण पीलीभीत में कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित

**पीलीभीत।** आज जनपद में हो रही निरंतर वर्षा तथा शिक्षण संस्थानों में जलभराव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ज़िला धिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ज़िलाधिकारी के आदेशानुसार, दो सितंबर को जनपद के कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। यह आदेश ज़िले के समस्त परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक सहायता प्राप्त एवं सभी शिक्षा मंडलों से मान्यता प्राप्त गैर–सरकारी विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। ज़िलाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधकों एवं प्राचार्यों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया है, ताकि छात्र–छात्राओं की सुरक्षा बनी रहे।

# बारिश में गिरा शीशम का भारी भरकम पेड़, दबकर वृद्ध की मौत

### खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम; पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरसात के दौरान बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर भोपतपुर गांव के पास दर्दनाक हादसा हो गया। मार्ग किनारे खड़ा शीशम का पेड़ अचानक गिरने से उसकी चपेट में आकर 62 वर्षीय मुन्ना लाल पुत्र रामचन्द्र की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे मुन्ना लाल अपने खेत से काम पूरा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान लगातार हुई बारिश के कारण सड़क किनारे खड़ा शीशम का पेड़ अचानक जड़ समेत गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से मुन्ना लाल उसके नीचे दब गए।हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से पेड़ के नीचे दबे वृद्ध को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।पत्नी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल मुन्ना लाल अपने छोटे बेटे अर्जुन के साथ रहते थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी इंद्रवती समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के बड़े पुत्र हरिओम की ओर से पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि पूरी रात हुई तेज बारिश के कारण पेड़ की जड़ के आसपास की मिट्टी बह गई थी, जिससे पेड़ कमजोर होकर अचानक गिर गया और यह दर्दनाक हादसा हो गया।



मृतक का फाइल फोटो और गिरा शीशम का पेड़। –जागरण मोर्चा

# दावे फोरलेन के, हकीकत में गड्ढों का सफर; बारिश ने खोल दी विकास की पोल

**मझोला–सितारगंज मार्ग पर प्रवीण नदी का जर्जर पुल हादसे को दे रहा न्योता, दो साल से चल रहा चौड़ीकरण अब भी सुस्त रफ्तार में**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाले मझोला–सितारगंज मार्ग पर प्रवीण नदी के पुल की जर्जर हालत ने विकास के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुल की एप्रोच जगह-जगह धंस गई है और बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बने हैं। पुल की धंसी एप्रोच और गड्ढों से गुजरते भारी वाहन किसी बड़े हादसे का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। भारी वाहनों के दबाव में सड़क लगातार टूट रही है।

सबसे बड़ा सवाल करीब दो साल से चल रहे फोरलेन चौड़ीकरण की सुस्त रफ्तार पर है। कहीं आधी-अधूरी पुलिया बनी है तो कहीं केवल पिलर खड़े हैं। ऐसे में पुराने रास्ते पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है, जबकि निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहा। यह पुल आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है। किसान, मजदूर और स्कूल जाने वाले छात्र इसी रास्ते से गुजरते हैं। पुल के आसपास रहने वाले ग्रामीण भी लगातार बढ़ते खतरे को लेकर चिंतित हैं। बारिश ने व्यवस्था को आईना दिखा दिया है। सवाल यही है कि जिम्मेदारों को जर्जर पुल दिखाई देने के लिए हादसा होना जरूरी है या समय रहते रास्ते की मरम्मत होगी?

## गैंगस्टर एक्ट के तीन अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष का सश्रम कारावास, कुल अठारह हजार रुपये का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन में थाना माधोटांडा पुलिस व मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में की गई प्रभावी और सशक्त पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट गैंगस्टर एक्ट श्रीमती अनु सक्सेना ने तीन अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल अठारह हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

ज्ञात रहे कि 19 नवंबर 10 को थाना माधोटांडा पर मुकदमा अपराध संख्या 1250/2010 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर पुलिस ने 1 मार्च 11 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। इसके बाद अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल, विवेचक उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह तथा पैरोकार आरक्षी सुखबीर सिंह द्वारा न्यायालय में मजबूती से साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए गए। विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आज न्यायालय ने अभियुक्त फिरासत उर्फ गन्डा पुत्र अमानत शाह निवासी ग्राम सिरौली, थाना किच्छा, जनपद ऊधमसिंह मो. अब्दुल अजीज उर्फ भल्ला पुत्र छोटे निवासी ग्राम सिरौली, थाना किच्छा, जनपद ऊधमसिंह तथा मो. सज्जाद पुत्र पुत्तन महावीर निवासी कलीनगर, थाना माधोटांडा को धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल अठारह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# जिला मिशन समिति, जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण की बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गॉधी सभागार मे उद्यान विभाग के अधीन संचालित औद्यानिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु जिला मिशन समिति एवं जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की एक बैठक आहूत की गयी है। बैठक में उपस्थित जिला उद्यान अधिकारी, मृत्युंजय सिंह द्वारा उद्यान विभाग के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं में वित्तीय वर्ष 26-27 हेतु प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के क्रियान्वयन हेतु समिति से अनुमोदन एवं योजना के बारे में चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना, अनुसूचित जातिध्जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना, पर




ड्रॉप मोर क्रॉप- माइक्रोइरीगेशन योजना में भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, जिसमें कृषकों का चयन विभागीय डी.बी.टी. पोर्टल तथा यू.पी.एम.आई.पी. पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरणोपरान्त कृषक द्वारा चयनित योजनान्तर्गत निर्धारित कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु आवश्यक अभिलेख यथा- आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, खसराध्खतौनी की प्रमाणित प्रति, फार्मर रजिस्ट्री, फोटोग्राफ एवं मोबाइल नम्बर के साथ आवेदन-पत्र निर्धारित शपथ-पत्र सहित कार्यालय परिसर में उपलब्ध कराना होता है, जिसके बाद कृषकों का चयन प्रथम आवक- प्रथम पावक के आधार पर करते हुए अनुमन्य अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी द्वारा समस्त योजना की दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष शत्-प्रतिशत् पूर्ति निर्धारित समयावधि में कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जनपद में औद्यानिक खेती को बढ़ावा दिये जाने एवं कृषि निर्यात को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया गया। जिसके क्रम मंथ जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उ0प्र0 राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन करते हुए योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसमें निर्यात प्रोत्साहन हेतु समस्त हितधारकों के मध्य समन्वय स्थापित करने, निर्यात प्रोत्साहन हेतु लिंकेज का चिन्हीकरण, निर्यात मांग के अनुरूप गुणवत्ता-मानक के औद्यानिक उपज एवं प्रसंस्करण कार्य आदि को बढ़ावा देने हेतु वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य अंगीकृत करने हेतु बागवानी कृषकों को प्रोत्साहित करना आदि प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यहा योजना संचालित की गयी है। इसके अतिरिक्त जिला उद्यान अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आलू के विपणन में अपेक्षाकृत न्यून होने के कारण लागत के सापेक्ष आलू उत्पादक कृषकों को उनके आलू उपज का उचित मूल्य दिलाने एवं मूल्य स्थिरीकरण के उद्देश्य से नवीन योजना भामाशाह भाव स्थिरता कोष की स्थापना योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसमें जनपद में आलू उत्पादक कृषकों एवं निजी शीतगृहों को आलू के बाजार भाव की स्थिरता एवं कोष की स्थापना हेतु अनुदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिये कृषकों को विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी द्वारा उद्यान विभाग के अधीन संचालित समस्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला मिशन समिति का गठन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया तथा निर्देशित किया गया कि शासन एवं विभागीय निर्देशों के अनुरूप लक्ष्यों की पूर्ति समय से की जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय निदेशक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सचिव, मण्डी समिति, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उप निदेशक उद्यान, बरेली मण्डल, बरेली, जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, अध्यक्ष/समन्वयक,, कृषि विज्ञान केन्द्र, टांडा बिजैसी, प्रबन्धक, औद्यानिक उत्पादक एवं विपणन सहकारी समिति लि0, मधवापुर, बिलसण्डा, नॉद, टाह पौटा, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पकड़िया नौगवॉ, परियोजना अधिकारी डूडा, खूबचन्द्र मौर्य पुत्र पन्ना लाल, प्रगतिशील कृषक ग्राम सैदपुर, सुरेश गंगवार पुत्र बॉके लाल, प्रगतिशील कृषक ग्राम-नरायनपुर, प्रमिला मण्डल, स्वयं सहायक समॅूह, ग्राम-टांडा बिजैसी, दुष्यंत सिंह, सरस्वती ध्यान सिंह फार्मस प्रोड्यूशर कम्पन्नी लि0 (एन.जी.ओ) ग्राम-कबीरपुर कसगंजा, पूरनपुर सहित उद्यान विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 127 वें जनकल्याण महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** नगर के प्राचीन परमठ मंदिर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी घंटे वाले बाबा जी के द्वारा सोमवार को विशाल जनकल्याण महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके अगले दिन मंगलवार को कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

गुरु परम्परा को निभाते हुए कार्यक्रम का आयोजन महानिर्वाणी अखाड़ा के संत बाबा दिगंबर रोहिताश पुरी जी महाराज ने कराया। उन्होंने बताया कि सावन मास के समापन पर इस आयोजन की परंपरा वर्ष 1900 में शुरू की गई थी। गुरु बाबा सीताराम पुरी महाराज ने उसे आगे बढ़ाया। उनके शरीर छोड़ने के बाद से वह परंपरा का निर्वहन करते चले आ रहे हैं। यज्ञ के मुख्य यजमान अमरीश शर्मा अंबू एवं मृदुला शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान महंत ओमकार नाथ, अमरीश शर्मा अंबू, राजकुमार अग्रवाल, आयुष सक्सेना, विनीत शर्मा, अवनीश शर्मा, अशोक सक्सेना, दिनेश अग्रवाल, पराग अग्रवाल, संजय, आकाश कश्यप, मंजू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# वेदों की शरण में आने से ही मिलेगी वास्तविक शांति: आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज स्टेशन रोड स्थित आर्य समाज मन्दिर में चल रहे वेद-प्रचार उत्सव के दूसरे दिन धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में भावपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में हर तरफ पूजा-पाठ और मंदिरों में भीड़ के बावजूद मनुष्य के मन को शांति और सुकून नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण पूजा-उपासना में एकरूपता का न होना है। वास्तव में उपासना का मूल उद्देश्य बुद्धि की शुद्धि और मन की स्थिरता पाना है। शास्त्रों का प्रमाण देते हुए उन्होंने बताया कि जिस प्रकार शरीर की खुराक आहार है, उसी प्रकार बुद्धि की खुराक सत्य ज्ञान है, जो वेदों में निहित है। 'सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा' यजुर्वेद का उल्लेख करते हुए आचार्य ने कहा कि वेदों का ज्ञान संपूर्ण मानव मात्र के कल्याण के लिए है और वेदों के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन में स्थायी सुख-शांति पाई जा सकती है। सुबह प्रवचन से पूर्व प्रातःकाल आचार्य वीरेन्द्र शास्त्री के ब्रह्मात्व में देव यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान विनीत थम्मन, पी.एल. गंगवार, हर प्रसाद, करुणाशंकर सक्सेना एवं राजेन्द्र कुमार गंगवार (सपत्नीक) रहे। इनके साथ ही नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने यज्ञ कुंड में आहुतियां डालकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



## संक्षेप समाचार

### लगातार बारिश से ठप रही तहसील की बिजली आपूर्ति, ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा, जगह-जगह फाल्ट

**पूरनपुर।** लगातार हो रही बारिश के चलते तहसील क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही। बारिश और तेज हवाओं के चलते बिजली लाइनों में फाल्ट आने से कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। लगातार बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों और नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण बिजली व्यवस्था पर सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। घरों में लगे इन्वर्टर और बैटरी भी जवाब दे गए, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। बिजली न होने के कारण पेयजल व्यवस्था के साथ–साथ रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हुए। लगातार बारिश और हवा के कारण बिजली के तारों तथा लाइनों में जगह–जगह फाल्ट आने की स्थिति बनी रही। मौसम खराब होने के चलते बिजली विभाग की टीमों को भी फाल्ट तलाशने और उन्हें ठीक करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बहाल करने के बाद भी लोकल फाल्ट के कारण दोबारा आपूर्ति प्रभावित होती रही। क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही बिजली व्यवस्था लड़खड़ा जाती है। ग्रामीण इलाकों में लंबे समय तक बिजली न आने से लोगों को काफी दिक्कत होती है। किसानों को भी सिंचाई सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण घरों में मोबाइल चार्ज करने से लेकर पानी की व्यवस्था तक प्रभावित रही। रात के समय बिजली गुल होने से बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से बारिश के दौरान फाल्ट वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

**आयोजन** | बूथ सशक्तिकरण से आगामी 27 चुनाव में फिर बनाएंगे पूर्ण बहुमत की सरकार : सुरेश गंगवार

# भाजपा की मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना की बैठक आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के निमित्त जिला कार्य योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रभारी गुलशन आनंद मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार मुख्य वक्ता और जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि मंडल कार्यसमिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के लिए जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री को जिला संयोजक बनाया गया है।




इस अभियान में मंडल स्तर पर प्रवास के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में बूथ स्तर पर बूथ समिति सत्यापन एवं प्रवास योजना के लिए मंडल और शक्तिकेंद्र के पदाधिकारियों को लगाया गया है। इस अभियान से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती मिलेगी। मुख्य अतिथि गुलशन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सेवा और समर्पण के भाव के साथ कार्य करती है। पार्टी के कार्यकर्ता समाज के बीच भय और तुष्टिकरण के बजाय समरसता एवं जन कल्याण के लिए कार्य करते हैं। संगठन को और सशक्त करने की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार ने कहा कि पार्टी तेजी से विधानसभा चुनावों की तरफ आगे बढ़ रही है, ऐसे में बूथ सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसका संगठन विस्तार पन्ना प्रमुख तक है। केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बल पर 2027 का चुनाव भी पार्टी पूर्ण बहुमत से जीतेगी।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, नमन प्रताप राजपूत, रेखा सिंह परिहार, विकास श्रीवास्तव, आयुष मिश्रा, मान सिंह राठौर, अतिंदर पाल सिंह, मनोज गुप्ता, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप, विकास वाल्मीकि, ऋचा सिंह पटेल, सत्यपाल वर्मा, सृष्टि गुप्ता, अमित कुशवाहा, पंकजा तिवारी, रेनू राज, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पांडेय, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला आईटी सह संयोजक पंकज प्रजापति, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान, हर्ष प्रधान, प्यारेलाल कश्यप, उमाकांत मिश्रा, अनीता कश्यप, महेंद्र राजपूत, महेश राजपूत, कपिल सिंह, भरत राम राजपूत, प्रमोद कश्यप, सुमित सागर, सुमित गंगवार, संजीव त्रिवेदी, विजय सिंह, हजारीलाल वर्मा, भगवती सिंह, संजीव मौर्य, ब्रजेश शुक्ला, मनोज वर्मा, प्रफुल्ल मिश्रा, अंशुमन तिवारी, हर्षित चौधरी, अमनदीप मिश्रा, विवेक शुक्ला और सागर सैनी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने भगा मोहम्मदगंज के देवहा पुल के पास मार्ग कटान स्थिति को देखा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज ग्राम भिकारीपुर के निकट भगा मोहम्मदगंज पुल के पास देवहा नदी द्वारा मार्ग परिवर्तन से मार्ग कटान की स्थिति का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स का मैप का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि मार्ग बह जाने से लगभग दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं, तहसील मुख्यालय पर पहुंचने के लिए लगभग चालीस किमी0 अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय व धन की हानि होती है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की कृषि भूमि पुल के उस पार है, जिससे कृषि कार्य में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आवश्स्त करते हुये कहा कि पुल विस्तारीकरण, सड़क निर्माण एवं सुरक्षात्मक कार्य के सम्बन्ध में शासन स्तर पर वार्ता कर समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा।



**एक नजर**

### रोडवेज बस स्टैंड झाड़ियों में तब्दील, जताई नाराजगी

**पूरनपुर।** करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए पूरनपुर रोडवेज बस स्टैंड की बदहाल स्थिति को लेकर हिंदू संगठन के जिलाध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने नाराजगी व्यक्त की है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें बस स्टैंड परिसर में उगी झाड़ियां और अव्यवस्थाएं दिखाई दे रही हैं। अंकुर गुप्ता ने आरोप लगाया कि जनता की सुविधा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था। लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति उपेक्षा के कारण खराब होती जा रही है। उनका कहना है कि बस स्टैंड परिसर धीरे-धीरे झाड़ियों में तब्दील होता जा रहा है और यहां यात्रियों के लिए अपेक्षित सुविधाएं भी नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बस स्टैंड पर न तो नियमित रूप से रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है और न ही यात्रियों को इसका समुचित लाभ मिल पा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों में भी रोष है। हिंदू संगठन के जिलाध्यक्ष ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बस स्टैंड की साफ-सफाई कराने, झाड़ियों को हटवाने और यहां से नियमित बसों का संचालन शुरू कराने की मांग की है।

# पूरनपुर चीनी मिल के ईटीपी प्लांट में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

## वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, क्षेत्र में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्लांट पर बैठा तेंदुआ। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** दि किसान सहकारी चीनी मिल परिसर स्थित ईटीपी प्लांट में मंगलवार को तेंदुआ बैठे हुए दिखाई देने से हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में तेंदुए का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद चीनी मिल के कर्मचारियों के साथ ही आसपास के ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है। लोग तेंदुए की मौजूदगी को लेकर खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से चीनी मिल परिसर और इसके आसपास तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ कई बार पिपरिया दुलई गांव के नजदीकी इलाकों में भी दिखाई दिया है। लगातार तेंदुआ नजर आने के बाद ग्रामीणों में पहले से ही भय बना हुआ था। मंगलवार को ईटीपी प्लांट परिसर में तेंदुए के बैठे होने का वीडियो सामने आने के बाद लोगों की चिंता और बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि चीनी मिल और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में लोग सुबह और शाम के समय अपने कामकाज के लिए आवागमन करते हैं। खेतों की ओर जाने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और मिल कर्मचारियों को इन दिनों विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी सामने आने के बाद लोग अकेले बाहर निकलने से भी बच रहे हैं,क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक सुबह और शाम के समय तेंदुए के सक्रिय होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे में इन समयों पर खेतों और रास्तों से गुजरने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि तेंदुआ आबादी की ओर बढ़ा तो किसी व्यक्ति या पालतू पशु पर हमला कर सकता है, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से तेंदुए के क्षेत्र में घूमने की सूचना सामने आने के बावजूद वन विभाग की ओर से अभी तक प्रभावी निगरानी व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि तेंदुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए मौके पर वन विभाग की टीम तैनात की जानी चाहिए थी, ताकि उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और उसे आबादी वाले क्षेत्र में आने से रोका जा सके। चीनी मिल परिसर में तेंदुआ दिखाई देने की खबर से कर्मचारियों में भी चिंता बढ़ गई है।

### लगातार बारिश से बदला मौसम, गर्मी से मिली राहत

**पूरनपुर।** सोमवार रात से शुरू हुई बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। रुक-रुक कर बारिश होती रही।जिससे मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। लगातार हो रही बारिश के कारण पिछले कई दिनों से पड़ रही गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिली है।बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम ठंडा हो गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में बारिश होने से लोगों को सुहावने मौसम का एहसास हुआ। हालांकि, बारिश ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो गई।कई स्थानों पर सड़कों और गलियों में पानी भरने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो जलभराव की समस्या और बढ़ सकती है।

**संक्षेप समाचार**

### 12 दिन भी दो सहेलियों का नहीं लगा सका सुराग

**पूरनपुर।** क्षेत्र के एक मोहल्ले से लापता हुई दो सहेलियों का 12 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने दोनों की तलाश के लिए पुलिस को 22 अगस्त को सूचना दी थी। लेकिन अब तक उनका पता नहीं चला। जिससे परिबार की चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों सहेलियां एक साथ घर से सिरसा चौराहे पर आने के की बात कहकर निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की,लेकिन दोनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। लापता सहेलियों के परिजन लगातार उनकी सकुशल बरामदगी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि 12 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। जिससे परिवार परेशान है। परिजनों ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों की जल्द तलाश कर सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जिसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही दोनों को वरामद कर लिया जाएगा। पुलिस लगातार कार्रवाही करने में जुटी है। पुलिस पर मामले में कार्रवाही ना करने का आरोप लगाया जा रहा है।

### महिला का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग, तलाश जारी

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी 28 वर्षीय महिला खेत की रखवाली के दौरान सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। नहर किनारे उसकी चप्पल और दुपट्टा मिलने के बाद हरदोई ब्रांच नहर में कूदने की आशंका जताई जा रही है। घटना के दूसरे दिन मंगलवार सुबह दस बजे तक भी महिला का कोई सुराग नहीं लग सका है। गांव दिलावरपुर निवासी अशोक पुत्र फकीरेलाल सोमवार को पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ दंदौल पुल के समीप एक किसान के खेत की रखवाली करने गए थे। अशोक के अनुसार वह पत्नी को नहर किनारे स्थित खेत के पास छोड़कर कुछ दूरी पर दूसरे खेत की ओर चले गए थे। करीब एक घंटे बाद लौटने पर लक्ष्मी वहां नहीं मिलीं। आसपास तलाश करने पर नहर पटरी के पास लक्ष्मी की चप्पल और दुपट्टा मिला। इसके बाद परिजनों को महिला के नहर में कूदने की आशंका है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और परिजनों से जानकारी ली। एसओ राजीव ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के साथ महिला की तलाश कराई जा रही है।

### दो किशोर लापता, परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग दो ग्रामों से दो किशोरों के गायब हो जाने की गुम शुदगी दर्ज की है। नगीपुर अखौला निवासी सुमित कुमार (14) पुत्र वीरपाल 31 अगस्त की सुबह करीब सात बजे घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक वह सफेद रंग की शर्ट, काली पैंट और हवाई चप्पल पहने हुए था। इसके कुछ समय बाद उसका दोस्त राहुल (16) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम अमृता खास, बीसलपुर भी करीब 7 :30 बजे घर से चला गया। राहुल ने हरी शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट और हवाई चप्पल पहन रखी है। दोनों किशोरों के निर्धारित समय तक घर वापस नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पहले अपने स्तर से उनकी तलाश शुरू की। परिचितों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर जानकारी की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। किशोर को ढूंढने के लिए पुलिस की टीम लगा दी गई है जल्द ही सकुशल किशोरों को बरामद कर लिया जाएगा।

### नदी की धार के बेहद करीब पहुंची खड़ी गन्ने की फसल, प्रशासन से कटान रोकने की मांग



कटान के करीब गन्ने की फसल । -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा शारदा नदी के लगातार बदलते रुख और कटान के चलते चंदिया हजारा गांव के समीप किसानों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। शारदा नदी का मुहाना अब गन्ने के खेतों के बेहद करीब पहुंच गया है। नदी की धार जिस तेजी से खेतों की ओर बढ़ रही है, उससे किसानों को अपनी खड़ी फसल और उपजाऊ जमीन के नदी में समा जाने का डर सताने लगा है। गांव के आसपास नदी के मुहाने पर गन्ने की फसल दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि उन्होंने महीनों की मेहनत और लागत लगाकर गन्ने की फसल तैयार की है। ऐसे में यदि नदी का कटान तेज हुआ तो तैयार फसल के साथ-साथ उनकी जमीन भी शारदा नदी की धारा में समा सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक शारदा नदी का कटान क्षेत्र के लिए लंबे समय से बड़ी समस्या बना हुआ है। नदी की धार में बदलाव के साथ हर वर्ष किसानों की कृषि भूमि प्रभावित होती है। कई स्थानों पर नदी धीरे-धीरे खेतों की ओर बढ़ती दिखाई देती है। वर्तमान स्थिति ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। गन्ने की फसल इस समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण फसलों में से एक है। किसानों ने फसल तैयार करने में बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च किया है। नदी के मुहाने के नजदीक पहुंचने से किसानों को आशंका है कि यदि कटान नहीं रुका तो उनकी महीनों की मेहनत पानी में बह सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल फसल का नुकसान ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि नदी की धार यदि इसी दिशा में बढ़ती रही तो आने वाले समय में खेतों की उपजाऊ जमीन भी कटान की चपेट में आ सकती है। इससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से शारदा नदी के कटान वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कराने तथा संवेदनशील स्थानों पर तत्काल बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय रहते कटान रोकने के उपाय किए गए तो खेतों और खड़ी फसल को बचाया जा सकता है।

# संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव में आरएसआरडी सरस्वती विद्या मन्दिर का शानदार प्रदर्शन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जीते प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान; विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय




मौजूद स्टाफ व बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर/बीसलपुर।** संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव का भव्य आयोजन मंगलवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, बीसलपुर में उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। संस्कृति, कला, साहित्य एवं अभिव्यक्ति की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाले इस महोत्सव में R.S.R.D. सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर के छात्र-छात्राओं एवं आचार्या ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। महोत्सव में विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, कलात्मक कौशल एवं प्रभावशाली प्रस्तुति का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 प्रथम, 4 द्वितीय एवं 3 तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रकार विद्यालय के प्रतिभागियों ने कुल 9 पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। गीत बाल वर्ग में आरोही सिंह ने शानदार प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।किशोर वर्ग में सुपिरिति मंडल ने अपनी मधुर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान अर्जित किया।चित्रकला बाल वर्ग में कामाख्या सिंह ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मूर्ति कला बाल वर्ग में विधि पाण्डेय ने उत्कृष्ट सृजनात्मकता का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण किशोर वर्ग में यज्ञ प्रताप सिंह ने आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।आशुभाषण तरुण वर्ग में आदित्य ने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में रीमा मैम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कथा कथन बाल वर्ग में आदर्श ने प्रभावशाली कहानी प्रस्तुति के माध्यम से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वरचित काव्य किशोर वर्ग में अलीशान ने अपनी रचनात्मक काव्य प्रतिभा का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृति महोत्सव में विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, साहित्य, कला, संगीत, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया।विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य श्रीमान सौरभ वार्ष्णेय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सृजनात्मकता एवं अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं आचार्या की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके निरंतर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव में R.S.R.D. सरस्वती विद्या मन्दिर का यह प्रदर्शन विद्यालय की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया।

# राहुल नगर मजदूर बस्ती के रास्ते पर दलदल से बच्चों और बुजुर्गों को हो रही परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्य मार्ग पर भरा दलदल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** मुख्य रोड पर दलदल हो जाने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। कईबार मांग करने के वावजूद अभी तक कोई ध्यान नही दिया गया है। तहसील क्षेत्र के चंदिया हजारा स्थित मजरा राहुल नगर मजदूर बस्ती का मुख्य रास्ता पूरी तरह बाधित होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते की बदहाल स्थिति के कारण सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि खराब और बाधित रास्ते से होकर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। बरसात और जलभराव के कारण रास्ते की स्थिति और भी खराब हो गई है। जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते रास्ते की मरम्मत और निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।राहुल नगर मजदूर बस्ती के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराया जाए। स्थानीय सुनिल, भोलू , विकास और राहुल का कहना है कि उनकी केवल इतनी ही मांग है कि बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल जाने का रास्ता मिले और आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो प्रशासन से यह मांग की है। लेकिन किसी ने अभी तक कोई ध्यान नही दिया है। जिससे आए दिन वाहन चालक व पैदल राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे है। वाहन दलदल में फंस जाते है।

# कन्हैया के जन्मोत्सव को लेकर गुलजार हुआ बाजार पूजा के वस्त्रों और सिंहासनों की बिक्री शुरू हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय



कन्हैया के जन्मोत्सव को लेकर बाजार में सजी दुकान। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर का बाजार एक बार फिर गुलजार हो गया है। कन्हैया के वस्त्रों व सिंहासनों की बिक्री शुरू हो गई है। मंदिरों मे झांकियां सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। बाजार में पर्व के अनुरूप सामान से सज गए हैं। गिफ्ट सेंटर्स तथा तमाम अस्थाई दुकानों पर भी मूर्तियां सज गई हैं। माखन चोर के साथ विभिन्न लीलाओं की इन मूर्तियों व लड्डू गोपाल के वस्त्रों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। घरों में बक्से में बंद खिलौने भी बच्चों ने निकालने शुरू कर दिए हैं। महिलाओं ने अभी से पाग व अन्य पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। लड्डू गोपाल को सजाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। नगर के मठिया नाथ मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर प्रबंधक केशव किशोर गुप्ता द्वारा तैयारिया शुरू रू कर दी गई है। जानकी रतन मंदिर, राम जानकी मंदिर, बेनी राम मंदिर, बड़ा देवी मंदिर, बंगाली बाबा मंदिर, देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक मंदिरों मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**उत्साह** खनंका के पुल के पास सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थक

# सपा नेता डॉ . रत्नेश गंगवार का प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

जागरण मोर्चा कार्यालय



डॉ रत्नेश गंगवार का स्वागत करते रोहनिया गांव के लोग। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद 130 बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र में डॉ. रत्नेश गंगवार के प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने जोरदार स्वागत किया। खनंका के पुल के पास सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इसके बाद गांव रोहनिया, चठिया सेवाराम, चीनी मिल, इमरान के आवास, ईदगाह चौराहा, बस स्टैंड और पटेल नगर सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत जुलूस के बाद अपने कार्यालय (तारा बैंकर्स हॉल) पहुंचे डॉ. रत्नेश गंगवार ने एक जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मैं शुरू से ही समाजवादी पार्टी की विचारधारा से जुड़ा रहा हूं और वर्षों तक सपा में सेवा की है। कुछ कारणों से मैं और मेरी पत्नी प्रियंका गंगवार दूसरे दल में चले गए थे, लेकिन वहां सिर्फ झूठे वादे मिले। वहां गांव, गरीब और किसान की कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पत्नी जिला सहकारी बैंक में डायरेक्टर हैं। जब किसान खाद के लिए फोन करते हैं, तो वे उन्हें खाद नहीं उपलब्ध करा पाते, जिससे मन में भारी पीड़ा होती है। उन्होंने आवारा पशुओं के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि किसान दिन-रात जागकर फसलों की रखवाली करते हैं, लेकिन आवारा सांड पूरी फसल चौपट कर देते हैं। ऐसे में किसान का घर कैसे चलेगा। बीसलपुर की उपेक्षा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 130 बीसलपुर विधानसभा पूरे प्रदेश में सबसे पिछड़ी हुई है। बीसलपुर-शाहजहांपुर रोड, बरेली रोड और दियोरिया कला रोड जैसे मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं और क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मेहनत करेंगे और इस बार बीसलपुर से पार्टी को 50,000 से अधिक वोटों से जिताकर अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन रामप्रताप गंगवार ने किया। इस दौरान पूर्व महामंत्री राम सिंह गंगवार, सुधा यादव, राम सिंह यादव, हाकिम सिंह यादव, बंटी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बी.डी. प्रजापति, यासीन अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष बलीउल्लाह, मक्तदिर हयात खां, महबूब मंसूरी राजू, जिला पंचायत सदस्य अकील अंसारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, अभिषेक गंगवार, राशिद अल्वी, जीवेन्द्र गंगवार, विवेक गंगवार, भगवत शरण, देवेंद्र कुमार, अकरम अंसारी, दानिश अल्वी, नन्हे चौधरी, अंकित वर्मा, उजाला बाबू और श्रीपाल निराला सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विद्युत टीम पर हमला, लाइनमैन से मारपीट और जेई से अभद्रता

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 27 हजार रुपये की बकाया वसूली के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पौटा कलां में विद्युत राजस्व वसूली एवं चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि बकाया बिल के चलते कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई का विरोध करते हुए दो लोगों ने विभागीय कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, संविदा लाइनमैन से मारपीट की तथा अवर अभियंता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रामलीला ग्रामीण के अवर अभियंता गौरव मिश्रा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 31 अगस्त 2026 को वह विभागीय कर्मचारियों के साथ बीसलपुर पोषक हाईलाइन फीडर के अंतर्गत ग्राम पौटा कलां में विद्युत राजस्व वसूली अभियान चला रहे थे।अभियान के दौरान टीम ने उपभोक्ता हामिद हसन पुत्र अन्ने के कनेक्शन की जांच की, जिस पर विभाग का 27,320 रुपये बकाया पाया गया। निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर विभागीय नियमों के तहत कनेक्शन को पोल से विच्छेदित करने की कार्रवाई की जा रही थी।इसी दौरान नाजिम पुत्र अन्ने और शाहरुख पुत्र अब्दुल सईद मौके पर पहुंच गए और कनेक्शन काटने की कार्रवाई का विरोध करते हुए विभागीय कार्य में हस्तक्षेप करने लगे। आरोप है कि दोनों ने कर्मचारियों को सरकारी कार्य करने से रोकने का प्रयास किया और मौके पर मौजूद संविदा लाइनमैन बदरुल हसन पुत्र इशाक के साथ मारपीट कर दी।अवर अभियंता गौरव मिश्रा ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। तहरीर के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सरकार का बड़ा फैसला: पेट्रोल-डीजल निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा, एटीएफ पर राहत दी गई

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार (1 सितंबर) को पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में वृद्धि की है। अगले पखवाड़े के लिए विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पर इस कर को मामूली रूप से घटाया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इन परिवर्तनों की जानकारी दी। ये सभी नई दरें 1 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं।

डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के साथ सड़क और बुनियादी ढांचा उपकर अब 25 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यह पहले 24 रुपये प्रति लीटर था, जिसमें एक रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं, एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी 19 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है, जो पहले 19.5 रुपये प्रति लीटर था। पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल की मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।



सरकार ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच 27 मार्च को डीजल और एटीएफ के निर्यात पर यह शुल्क लगाया था। इस कर का मुख्य उद्देश्य देश में ईंधन की घरेलू उपलब्धता बढ़ाना था। यह निर्यातकों को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण होने वाले मूल्य अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकने के लिए भी था। युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें काफी बढ़ गई थीं। इस विंडफॉल कर का लक्ष्य पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यात को हतोत्साहित करके पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

डीजल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) और सड़क व बुनियादी ढांचा उपकर अब 25 रुपये प्रति लीटर हो गया है। यह पहले 24 रुपये प्रति लीटर था, जिसमें एक रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पर एसएईडी को 19.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 19 रुपये प्रति लीटर किया गया है। पेट्रोल निर्यात पर शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। ये सभी नई दरें 1 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं।

सरकार ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण 27 मार्च को डीजल और एटीएफ के निर्यात पर यह शुल्क लगाया था। इस शुल्क दर को हर पखवाड़े संशोधित किया जाता रहा है। पेट्रोल निर्यात पर यह शुल्क 16 मई से लागू किया गया था। इसका उद्देश्य वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का लाभ घरेलू बाजार में भी पहुंचाना था। यह सुनिश्चित करना था कि घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहे।

# सोने-चांदी में कमजोरी: दिल्ली में 2700 रुपये टूटा सोना, पांच दिनों में 8,900 की गिरावट

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में आई भारी बिकवाली और घरेलू मोर्चे पर बदले घटनाक्रमों के बीच मंगलवार को भारतीय सरार्फा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत लगातार पांचवें दिन गिरते हुए 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गई। केवल एक दिन में सोने के भाव में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी कटौती दर्ज की गई है। पांच दिनों से जारी इस गिरावट ने निवेशकों और आभूषण खरीदारों के बीच हलचल मचा दी है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने सरार्फा बाजार पर दबाव बढ़ा दिया है, इसके चलते घरेलू बाजार में यह हालिया हफ्तों के निचले स्तर पर पहुंच गया है।

स्थानीय सरार्फा डीलरों और कारोबारियों के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये गिरकर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। यह सोने का लगभग दो सप्ताह का निचला स्तर है। इससे पहले सोमवार को सोना 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि सोना ठीक इसी तरह के निचले स्तर पर पिछले महीने 19 अगस्त को देखा गया था, जब इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी।

केवल सोना ही नहीं, बल्कि चांदी की चमक भी आज फीकी पड़ गई है। दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी की कीमत 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट के साथ 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। सोमवार को चांदी बिना किसी उतार-चढ़ाव के 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस तरह सोने के साथ-साथ चांदी में भी बिकवाली का भारी दबाव देखा जा रहा है।

सोने की कीमतों में जारी यह गिरावट केवल एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि पिछले पांच सत्रों से यह लगातार नीचे की ओर फिसल रहा है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमतों में कुल 8,900 रुपये प्रति 10 ग्राम या 5.3 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की जा चुकी है। बीते 25 अगस्त को सोने की कीमत अपने रिकॉर्ड 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर थी, जहां से अब यह घटकर 1,58,200 रुपये पर आ गई है। इस बड़ी गिरावट ने अल्पावधि के निवेशकों के मुनाफे को काफी हद तक घटा दिया है और बाजार में बिकवाली का माहौल बना दिया है।



भारतीय सरार्फा बाजार में आई इस गिरावट के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मची हलचल सबसे प्रमुख कारण है। विदेशी बाजारों में सोने पर भारी दबाव देखा गया। हाजिर सोना वैश्विक बाजारों में 2 प्रतिशत या 80.61 डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 4,368.58 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं वैश्विक स्तर पर चांदी भी लगभग 3 प्रतिशत टूटकर 64.68 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटी और करेंसी रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर धकेल दिया है। तेल की बढ़ती कीमतों से वैश्विक स्तर पर महंगाई की चिंताएं एक बार फिर बढ़ गई हैं। इस महंगाई की आशंका ने दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों, विशेष रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी दृष्टिकोण की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। जब महंगाई बढ़ने की आशंका होती है, तो ब्याज दरों में बढ़ोतरी का डर बढ़ जाता है, जिससे सोने जैसे बिना ब्याज वाले सुरक्षित निवेश साधन की मांग कमजोर होने लगती है और इसकी कीमतों पर दबाव बनता है।

मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटी प्रमुख प्रवीण सिंह के अनुसार, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना दो प्रतिशत गिरकर लगभग 4,370 डॉलर प्रति औंस पर मंडरा रहा है। इसका बड़ा कारण पिछले सप्ताह जैक्सन होल सिम्पोजियम में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वॉर्श का दिया गया सख्त भाषण है। इस भाषण ने निवेशकों के बीच इस बात की संभावना को बहुत बढ़ा दिया है कि आने वाले समय में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रखा जा सकता है।

# एशियाई खेल: जापान में सुविधाओं से संतुष्ट नहीं बीसीसीआई, 'बी' टीम भेजने पर हो रहा विचार

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) जापान में सुविधाओं से संतुष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि इसी कारण बीसीसीआई एशियाई खेलों के लिए भारत की 'बी' भेजने पर विचार कर रहा है। एशियाई खेलों की शुरूआत जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से होगी। पुरुषों का क्रिकेट टूनार्मेंट 24 सितंबर से तीन अक्तूबर तक, जबकि महिलाओं का टूनार्मेंट 17 सितंबर से 22 सितंबर के बीच आयोजित किया जाना है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि बोर्ड और एसीसी जापान में क्रिकेटरों के लिए की गई सुविधाओं और व्यवस्थाओं से खुश नहीं हैं और बोर्ड वहां एक पर्यवेक्षक भेजने पर विचार कर रहा है। यदि सुविधाएं उम्मीद के मुताबिक नहीं पाई जाती हैं, तो बीसीसीआई प्रतियोगिता के लिए 'बी' टीम भेजने पर विचार कर सकता है। सूत्र ने कहा,



बीसीसीआई और एसीसी जापान की सुविधाओं और व्यवस्थाओं से खुश नहीं हैं और बोर्ड वहां एक पर्यवेक्षक भेजेगा। वह अपनी रिपोर्ट हमें सौंपेंगे और यदि व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुईं, तो हम वहां बी टीम भेजने पर विचार कर सकते हैं। हमने एसीसी की एक बैठक के दौरान जापान ओलंपिक अधिकारियों से कहा था कि ड्रेसिंग रूम टेंट में बनाए गए हैं और उन टेंटों से शौचालय 500 मीटर की दूरी पर हैं, जिससे खिलाड़ियों के लिए असंतोषजनक स्थिति पैदा हो गई है। इसके अलावा, होटल के कमरे वाकई बहुत छोटे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है।

**भारत ने मजबूत टीम का किया था एलान**

चीन के हांगझोउ में 2023 में हुए पिछले संस्करण में टीम इंडिया ने स्वर्ण पदक हासिल किया था, जहां फाइनल बारिश की वजह से धुलने के बाद बेहतर सीडिंग के आधार पर भारत को विजेता घोषित किया गया था। इस प्रतियोगिता के लिए उन्होंने कप्तान श्रेयस अय्यर, बाएं हाथ के बल्लेबाजों की तिकड़ी अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा तथा स्टार तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह सहित एक मजबूत लाइन-अप का एलान किया था। भारतीय महिला टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथों में है और इसमें कई ऐसे बड़े नाम शामिल हैं जो सीनियर स्तर पर नियमित रूप से खेलते हैं।

एशिया के खेलों के लिए भारतीय पुरुष टी20 टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वैभव सूर्यवंशी और जसप्रीत बुमराह।

## भारत का चालू खाता घाटा पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब डॉलर हुआ

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा बढ़कर 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.5 फीसदी है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3.4 अरब अमेरिकी डॉलर था। तब यह जीडीपी का 0.4 फीसदी था।

माल व्यापार घाटा भी अप्रैल-जून 2026-27 की अवधि में बढ़कर 86.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।




# हार के बाद पाकिस्तान में हाहाकार: पीसीबी ने की उच्चस्तरीय बैठक, दौरे के बीच से स्वदेश लौटेंगे ये दो खिलाड़ी

**एजेंसी न्यूज**

**कराची।** पाकिस्तान की टीम इस वक्त इंग्लैंड दौरे पर है। पाकिस्तान को शुरूआती दो टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा है और उसने तीन मैचों की सीरीज गंवा दी है। लॉर्ड्स टेस्ट में मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में हाहाकार मच गया है। पीसीबी ने जहां बैठक की है, वहीं ये भी खबर मिल रही है कि बोर्ड दो खिलाड़ियों को दौरे के बीच से ही स्वदेश बुला सकता है।

इंग्लैंड दौरे पर लगातार दो टेस्ट मैचों में करारी हार झेलने वाला पाकिस्तान अब विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को दौरे के बीच से ही स्वदेश वापस बुला सकता है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर मौजूद पाकिस्तान को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड से पारी और 103 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 194 रन से शिकस्त दी।



रिपोर्ट के मुताबिक रिजवान और इमाम को वापस बुलाने का फैसला किया गया है। इंग्लैंड दौरे पर मौजूद पाकिस्तानी मीडिया ने दूसरे टेस्ट में मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक होने की भी खबर दी है। इस बैठक में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुमैर अहमद, पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर, पूर्व क्रिकेटर और वरिष्ठ चयनकर्ता आकिब जावेद तथा सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच माइक हेसन शामिल हुए। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी को इंग्लैंड में पाकिस्तान टीम के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर उनसे ऊपर के स्तर पर बैठे लोगों की नाराजगी और निराशा से अवगत करा दिया गया है। सूत्र ने कहा, दूसरे टेस्ट के दौरान स्काई स्पोर्ट्स पर इमरान खान के बेटों का साक्षात्कार प्रसारित किए जाने की घटना से भी शीर्ष स्तर पर नाराजगी है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता मीडिया में पाकिस्तान टीम की बन रही छवि और मैदान पर उसका प्रदर्शन है।







# दलीप ट्रॉफी: वैभव सूर्यवंशी शतक से चूके, पहली पारी में बढ़त नहीं ले सका ईस्ट जोन

**एजेंसी न्यूज**

**बंगलूरू।** सेंट्रल जोन और ईस्ट जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल का दूसरा दिन समाप्त हो गया है। सेंट्रल जोन ने शुरूआती दिन पहली पारी में 266 रन बनाए थे। ईस्ट जोन के लिए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धुआंधार पारी खेली, लेकिन वह शतक जड़ने से चूक गए। वैभव की दमदार पारी का फायदा ईस्ट जोन नहीं उठा सकी और पहली पारी में 266 रन पर ऑलआउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 43 रन बनाए हैं और उसे अब तक इतने ही रनों की बढ़त मिली है।

इससे पहले, ईस्ट जोन ने दूसरे दिन की शानदार शुरूआत की। वैभव और अभिमन्यू ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 161 रनों की मजबूत साझेदारी की। यह साझेदारी वैभव के आउट होने पर टूटी जो 81 गेंदों पर सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 92 रन बनाकर आउट हुए। 15 वर्षीय सूर्यवंशी ने इस दौरान दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक जड़ने वाला सबसे कम उम्र का बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 1969 में 16 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। उन्हें 40 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान भी मिला जब सारांश जैन की गेंद पर यश राठौड़ ने बैकवर्ड प्वाइंट पर आसान कैच टपका दिया। इस एक मौके को छोड़ दें तो सूर्यवंशी ने गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला और कई शानदार शॉट लगाए।

कुमार कुशाग्र (0) तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन पहली ही गेंद पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद ईश्वरन ने सुदीप कुमार के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन जुटाकर टीम को दोहरे शतक तक पहुंचाया। ईश्वरन 106 गेंदों में 8 चौकों के साथ 69 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि सुदीप ने पांच चौकों के साथ 25 रन बनाए। इसके साथ ही टीम का स्कोर 213 रन पर पांच विकेट हो गया। ईस्ट जोन की पारी देखते ही देखते ढह गई। इनमें आखिरी पांच विकेट सिर्फ 53 रन के भीतर गिर गए।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।